मातंगी को वाणी-विलास की देवी मानने के उपरोक्त ध्यान में ही छुपा है एक रहस्य जो वास्तव में किसी भी पुरुष या स्त्री के जीवन की सम्पूर्णता का रहस्य है। भारतीय साधना पद्धति में वाक् को ही शक्ति कहा गया है। वाक् को ही आत्मविद्या माना गया है और सच भी तो है कि केवल उसके पास वाक्-सिद्धि हो सकती है जो जीवन में प्रत्येक दृष्टि से परिपूर्ण हो। वाक् पुष्टि, आत्मविश्वास का ही तो दूसरा रूप है मातंगी वास्तव में जीवन की ऐसी परिपूर्णता प्रदान करने की आधारभूत देवी है।

इस युग की प्रवृत्तियों और भावनाओं के कारण दस महाविद्या साधनाओं में केवल बगलामुखी या तारा महाविद्या को प्रधानता दी गयी, क्योंकि अधिकांश व्यक्ति जीवन में या तो शत्रुओं से पीड़ित हैं या तो धन के अभाव से खिन्न, लेकिन इसके उपरान्त भी जीवन की इन आवश्यक स्थितियों के निराकरण करने के पश्चात् जीवन को एक सुललित भावना और कोमलता भी प्रदान करनी ही चाहिए। साधकों ने इस पक्ष पर अपेक्षाकृत कम ध्यान दिया और इसी कारणवश मातंगी महाविद्या की साधना अतिमहत्वपूर्ण होते हुए भी प्रचलन में नहीं आ सकी।

देवी का प्रत्येक स्वरूप अपने आप में किसी एक प्रमुखता के साथ सम्पूर्ण होता है। ऐसा नहीं कि व्यक्ति मातंगी की साधना करे और उसके

जीवन में अभाव रह जाए। मातंगी एक ओर सुललित और कोमल है, श्यामांगी और सुप्रिया है, फिर वहीं अपने उग्रमय स्वरूप में चाण्डाली भी हैं। मातंगी का ही एक नाम उच्छिष्ट चाण्डाली भी है क्योंकि वह अपने संग शिव का चाण्डाल रूप भी समाहित किए है, इसी कारण यह सहज रूप से विघ्नहर्त्री भी हैं और सत्य ही तो है कि जहां एक ओर ऐसा निवारक स्वरूप होगा वहीं तो जीवन के सौन्दर्य की स्थितियाँ भी निर्मित हो सकेंगी।

मातंगी साधना स्पष्ट शब्दों में पूर्ण पौरुष की साधना है। दस महाविद्याओं में और कोई ऐसी साधना है ही नहीं कि व्यक्ति उसे सम्पन्न करे और पूर्ण पौरुषता प्राप्त करे, किंतु मातंगी एक मात्र ऐसी महाविद्या साधना है जिसको सम्पन्न कर व्यक्ति यदि पौरुषहीन भी हो गया हो तो पुनः पूर्ण क्षमतावान, सौन्दर्यवान सुदृढ़ पुरुष बन सकता है, आत्मविश्वास से भरा हुआ और सभी कला पक्षों को अपने-आप में समाहित करता हुआ। महर्षि विश्वामित्र ने शोधपूर्वक ऐसा उपाय प्राप्त किया जिसके द्वारा एक सामान्य साधक भी इसके द्वारा अनुकूल लाभ प्राप्त कर सकता है और उन्होंने इसी महाविद्या पर आधारित एक सफल प्रयोग वर्णित किया जिसे कम पढ़ा-लिखा साधक भी अपने जीवन में उतार सकता है भले ही वह महाविद्या साधना न सिद्ध करे किंतु अनुकूलता तो प्राप्त कर ही सकता है।

जीवन की कई स्थितियाँ ऐसी होती हैं जहां व्यक्ति लज्जावश अथवा मर्यादावश खुलकर कुछ नहीं कह सकता और व्यक्ति के यौन जीवन से संबंधित सभी पक्ष इसी श्रेणी में आते हैं, कैसा भी, कोई भी पक्ष हो या कैसी भी, कोई भी दुर्बलता हो, व्यक्ति अपने कष्ट को कागज पर साफ-साफ लिखकर यंत्र के सामने रखकर यदि इस साधना को सम्पन्न करता है तो निश्चित रूप से उसे अनुकूलता

प्राप्त होती है और यदि इस प्रयोग को व्यक्ति आगे भी नियमपूर्वक करता रहता है तो मातंगी महाविद्या की सिद्धि प्राप्त हो जाती है।

मातंगी महाविद्या की सिद्धि का अर्थ है कि व्यक्ति केवल नगर या क्षेत्र का ही नहीं वरन देश का प्रख्यात वक्ता बन जाता है। साक्षात् सरस्वती उसके जिह्वा पर विराजमान हो जाती है उसे ऐसी अद्भुत शक्ति मिल जाती है कि उसकी बातों को घंटों-घंटों लोग मुग्ध होकर सुनते ही रह जाते हैं और शक्तियामल तंत्र में यहाँ तक वर्णन किया गया है कि भगवती मातंगी के सिद्ध साधक का कहा वचन मिथ्या हो ही नहीं सकता यदि समस्त परिस्थितियाँ प्रतिकूल भी हों तब भी प्रकृति बाध्य हो जाती है ऐसे साधक के वचन को सार्थक करने के लिए। एक प्रकार से उसे वरदान देने की और श्राप देने की शक्ति मिल जाती है। उसके चेहरे पर एक अनोखा लावण्य खिल उठता है फिर चाहे वह गोरा हो अथवा सांवला, कद-काठी कैसी भी हो लेकिन सामने वाला उसको ठिठक कर देखने के लिए बाध्य हो ही जाता है क्योंकि मातंगी का स्वरूप भी तो अपने-आप में अपूर्व लावण्य एवं ऐसी मोहकता से भरा है।

कहते हैं कि मातंगी मंत्र का नित्य एक बार उच्चारण अथवा स्मरण मात्र कर लेने से ही उस दिन के समस्त पापों का क्षय हो जाता है। जो भी साधक तंत्र के क्षेत्र में जाकर विशिष्ट शक्तियों को हस्तगत करना चाहते हैं, वे ऐसी साधनाओं में प्रवृत्त होने के पूर्व महाविद्या मातंगी से संबंधित प्रयोग अथवा पूर्ण मातंगी साधना अवश्य ही सम्पन्न करते हैं, जिससे वे वचनसिद्ध अपूर्व तेज व सौन्दर्य से भरकर तंत्र में सहज ही सफल हो सकें।

भगवती मातंगी की यह विद्या विशिष्टतम होने के कारण प्राय: गोपनीय ही रही किंतु विश्वामित्र ने सर्वप्रथम इसको सभी साधकों के लिए सुलभ किया।

यौवन, बल, ताजगी और दिन-प्रतिदिन के एक ढर्रे में बंधे जीवन का एक परिवर्तन संभव हो पाता तो मातंगी देवी की कृपा से और फिर उसी जीवन में सहज ही व्यक्ति को ऐसी सरसता और आनंद प्राप्त होने लगता है, ऐसा नवीन सृजन होने लगता है कि व्यक्ति अचम्भित हो जाता है एक प्रकार से उसके मन पर पड़े अनावश्यक बोझ हट जाते हैं और वह जीवन का सौन्दर्य निहारने में

समर्थ हो पाता है। मातंगी की साधना से यह अवश्य होता है कि व्यक्ति के अंदर आनंद का सोता सा फूट पड़ता है जिससे सहज ही बसन्त ऋतु जैसा वातावरण उसके तन-मन पर छा जाता है।

विधान

प्रात: साधक उठकर भगवान सूर्य को प्रणाम करे, अर्घ्य दे यदि उसे संध्या विधि का ज्ञान हो तो संध्या सम्पन्न करे अथवा गायत्री मंत्र का एक माला मंत्र जप करे। इसके बाद पहले से ही प्राप्त किए हुए मातंगी महायंत्र को किसी श्रेष्ठ धातु के पात्र में स्थापित कर पूर्व दिशा की ओर मुख करके बैठे, पात्र के अभाव में पुष्प की पंखुड़ियों पर भी यंत्र स्थापित किया जा सकता है।

मातंगी यंत्र का ही इसमें सर्वाधिक महत्त्व है जो महर्षि विश्वामित्र प्रणीत नर्वाण मंत्रों से सिक्त हो ऐसे यंत्र के चारों ओर चार क्लीं बीज स्थापित करें। जो पूर्ण पौरुष प्रदायक अनंग प्रयोग से सिद्ध हो यदि आपको मातंगी देवी का प्राण प्रतिष्ठित चित्र मिल सके तो उसे मढ़वा कर साधना स्थान में अवश्य स्थापित करें।

गणपति पूजन एवं गुरु पूजन के बाद क्रमश: एक माला गणपति मंत्र व पांच माला गुरु मंत्र का जप करें–

मंत्र

ॐ गं गणपतये नम:

तथा सभी यंत्र चित्रों का पूजन कुंकुम अक्षत, पुष्प आदि से करने के बाद मातंगी के मूल मंत्र का पांच माला मंत्र जप करें–

मंत्र

।। ॐ ह्रीं क्लीं हुं मातंग्यै फट् स्वाहा।।

प्रथम दिन 5 माला मंत्र जप करना आवश्यक है, उसके पश्चात् अगले माह तक प्रतिदिन केवल 1 माला मंत्र जप ही पर्याप्त है।

यदि साधक इस बीच में कहीं बाहर जाता है तो केवल अपने साथ मातंगी महायंत्र एवं रसेश्वरी माला ही ले जाए, चारों क्लीं बीज यंत्रों को पूजा स्थान में ही स्थापित रहने दे तथा जब भी अवसर मिले प्रतिदिन केवल एक माला मंत्र जप कर ले। इसमें समय का बंधन नहीं है। तीस दिनों तक नियमित यह क्रम करने के बाद साधक चारों क्लीं बीजों को किसी हरे और फले-फूले खेत अथवा उद्यान में चुपचाप फेंक दे तथा शिव मंदिर में कुछ भेंट चढ़ा दे। इस प्रकार से यह साधना सम्पूर्ण होती है। मातंगी महायंत्र को साधक अपने पूजा स्थान में स्थापित कर दे और रसेश्वरी माला को निरन्तर अपने गले में धारण किए रहे। रूप, रस, विलास, भोग और कायाकल्प की यह एकमात्र व अनूठी महाविद्या साधना है।

साधना सामग्री- 510/-

तारा शक्ति स्तोत्र

हम अपने मुंह से जो शब्द निकालते हैं, वह वायुमण्डल में गुंजरित रहता है, क्योंकि इस वायुमंडल से उत्पन्न ध्वनि कभी भी समाप्त नहीं होती। इसीलिये आज वैज्ञानिक इस बात के लिए प्रयत्नशील हैं कि यदि ध्वनि समाप्त नहीं होती, वह शाश्वत रहती है तो श्रीकृष्ण और अर्जुन का संवाद तथा वह ध्वनि भी वायुमंडल में ही गतिशील होगी। यदि ध्वनि की उस वेव को पकड़ा जा सके तो उस संवाद को भी सुना जा सकता है।

इसीलिये जब हम किसी विशेष देवता को प्रसन्न करने के लिए तथा मनोवांछित फल प्राप्त करने के लिए स्तोत्र पाठ करते हैं तो उस शब्द संयोजन से एक विशेष प्रभाव उत्पन्न होता है जो इस जगत में स्थित सम्बन्धित देवताओं की भावनाओं को उद्वेलित या आन्दोलित करता है और देवता उस प्रभाव से हमारे अनुकूल होकर हमें मनोवांछित फल देने में सहायक हो जाते हैं।

तारा साधना के विषय में कहा गया है कि जो साधक जीवन में अतुलनीय उन्नति करना चाहता है उसे अवश्य एक बार यह साधना सम्पन्न करीन चाहिए। बुद्धि, ज्ञान, शक्ति, विजय तथा पूर्णत्व प्राप्ति हेतु तथा अकाल मृत्यु एवं दुर्घटना निवारण हेतु यह साधना लक्षित की जाती है। सबसे बड़ी बात यह कि आकस्मिक धन प्राप्ति एवं अतुलनीय व्यापार वृद्धि हेतु इस साधना से उत्तम उपाय दूसरा नहीं।

मुण्डमाला तंत्र में तारिणीशतनाम स्तोत्र है। इसमें तारा के विभिन्न रूपों की चर्चा है। उपासना के प्रसंग में उनकी महिमा का गायन है। साधना सम्पन्न कर इस स्तोत्र का पाठ करें—

स्तोत्र

तारिणी तरला तन्वी तारा तरुण वल्लरी।
तीर रूपा तरश्यामा तनुक्षीण पयोधरा।।
तुरीया तरला तीव्र गमना नीलवाहिनी।
उग्रतारा जया चण्डी श्रीमदेक जटाशिवा।।
तरुणी शाम्भवी छिन्नमाला च भद्रतारिणी।
उग्रा चोग्रप्रभा नीला कृष्णा नील सरस्वती।।
द्वितीया शोभिनी नित्य नवीना नित्य नूतना।
चण्डिका विजयाराध्य देवी गगन वाहिनी।।
अट्टहास्या करालास्या चरास्या दितिपूजिता।
सगुणा सगुणाराध्या हरीन्द्र देव पूजिता।।
रक्त प्रिया च रक्ताक्षी रुधिरासवभूषिता।
बलिप्रिया बलिरता दुर्गा बलवती बला।।
बलप्रिया बलरता बलराम प्रपूजिता।
अर्द्धकेशेश्वरी केशा केशवेश विभूषिता।।
पद्ममाला च पद्माक्षी कामाख्या गिरिनन्दिता।
दक्षिणा चैव दक्षा च दक्षजा दक्षिणेतरा।।
वज्रपुष्प प्रिया रक्तप्रिया कुसुमभूषिता।
माहेश्वरी महादेवप्रिया पद्मविभूषिता।।
इड़ा च पिंगला चैव सुषुम्ना प्राणरूपिणी।
गांधारी पंचमी पंचाननादि परिपूजिता।।
इत्येतत् कथितं देवि रहस्यं परमाद्भुतम्।
श्रुत्वा मोक्षमवाप्नोति तारादेव्याः प्रसादतः।।
यः इदं पठति स्तोत्रं तारास्तुति रहस्यकम्।
सर्वसिद्धि युतो भूत्वा विहरेत क्षितिमंडले।।
तस्मैवं मंत्रसिद्धिः स्यान्मम सिद्धिरनुत्तमा।
भवत्येवं महाभागे सत्यं सत्यं न संशयः।।
मन्दे मङ्गलवारे च यः पठेन्निशि संयतः।
तस्मैव मंत्रसिद्धिः स्मादगानयत्मं लभेत्तुसः।।
श्रद्धयाऽनद्धया वापि पठेन्ताराररहस्यकम्।
अचिरनैव कालेन जीवन्मुक्तः शिवो भवेत।।
सहस्रावर्त्तनाद्देवी पुरश्चर्या फलं लभेत।
एवं सतत युक्ता ये ध्यायन्तस्त्वामुपासते।
ते शिवो भवेत सहस्रावर्त्तनाद्देविपुरश्चर्याफलं लभेत।।

तारा शक्ति स्तोत्र

जो साधक इस स्तोत्र का पुरुश्चरण करता है, वह शिव स्वरूप को प्राप्त करके जीवनमुक्त हो जाता है।

भगवती तारा अपने भक्तों को भवसागर से पार कराने वाली है। चंचला, सुन्दर अंगों वाली यौवन से भरपूर, सब को सहारा देने वाली, अत्यन्त सौम्यमयी, सुन्दर और सुखद सर्वांगों से युक्त है। हे भगवती तारा! आपको बारम्बार नमन्।

मोक्ष स्वरूपा, गतिमयी, सर्वत्र गमनशीला, नील अंगों वाली आकाशीय तारा की तरह चमकने वाली, विजय प्रदान करने वाली, क्रोध स्वरूपा एक वेणी से युक्त कल्याणदायिनी है। हे भगवती तारा! आपको बारम्बार नमन्।

भरपूर यौवन से युक्त, शिव स्वरूपा, शत्रुओं के मस्तक को काटने वाली, सुगम मार्ग से भक्तों को पार करने वाली, उग्र स्वभाव वाली, अत्यन्त दीप्तयुक्त, नील और कृष्ण रंगों से युक्त होने के कारण नील सरस्वती कही जाती है। हे भगवती तारा! आपको बारम्बार नमन्।

अत्यन्त शोभामयी, नित्य नवीन, नित्य नये रूप में दर्शन देने वाली, शत्रुओं के लिए भयस्वरूपा, विजय देने वाली, वह आकाश मंडल में विचरण करने वाली है। हे भगवती तारा! आपको बारम्बार नमन्।

भयंकर गर्जन करने वाली, भयावह मुख वाली, समस्त प्राणियों से तथा देवताओं से पूजित अत्यन्त गुणवती सभी प्राणियों के आराध्या स्वरूपा तथा विष्णु, इन्द्र आदि देवताओं द्वारा पूजित है। हे भगवती तारा! आपको बारम्बार नमन्।

शत्रुओं के रक्त को पीने वाली लाल नेत्रों वाली, रुधिर मज्जा आदि से लिप्त बलि चाहने वाली, शत्रुओं की बलि देने वाली और दुर्गास्वरूपा बल और अनेक कलाओं से युक्त है। हे भगवती तारा! आपको बारम्बार नमन्।

अत्यन्त बलवती, बल कार्य करने वाली, बलराम से सुपूजित, सुन्दर केशों वाली तथा सुन्दर वेशभूषा से युक्त है। हे भगवती तारा! आपको बारम्बार नमन्।

कमल पुष्प की माला पहनी हुई, कमल के समान नेत्रों वाली, कामाख्या नाम वाली, पर्वतों पर विचरण करने वाली, साधकों को धन देने वाली, अत्यन्त चतुर भगवती तारा है। हे भगवती तारा! आपको बारम्बार नमन्।

वज्ररूपी पुरुष को चाहने वाली, शत्रुओं के खून से प्यास बुझाने वाली, फूलों से सुशोभित, शिव स्वरूपा भगवान शंकर की प्रिया तथा लक्ष्मी स्वरूपा है। हे भगवती तारा! आपको बारम्बार नमन्।

इड़ा, पिंगला तथा सुषुम्ना नाड़ियों को प्राण देने वाली, अष्टगंध से भरपूर पांच स्वरूपों वाली, सिंहों से युक्त भगवती तारा दस महाविद्याओं में अत्यन्त उग्र और तेजस्विनी है। हे भगवती तारा! आपको बारम्बार नमन्।

हे देवि पार्वती! भगवती तारा के इस रहस्यमयी चरित्र का मैंने आपके सामने वर्णन किया है, जिसे सुनकर भगवती तारा की कृपा से मोक्ष प्राप्त होता है।

भगवती तारा के इस रहस्य पूर्ण स्तोत्र को जो सुनता है। सभी सिद्धियों से युक्त होकर पृथ्वी तल पर विचरण करता है। ये श्रेष्ठतम सिद्धियाँ उसी पुरुष को प्राप्त होती है जिनमें कोई संशय नहीं है। जो साधक शनिवार और मंगलवार की रात्रि को संयमित होकर स्तोत्र का पाठ करता है, उसको शीघ्र ही मंत्र सिद्धि प्राप्त होती है।

जो भक्तगण श्रद्धा से इस रहस्यमय स्तोत्र का पाठ करते हैं, वह शीघ्र ही जीवनमुक्त शिव स्वरूप हो जाते हैं। जो साधक इस स्तोत्र का पुरुश्चरण करता है, वह शिव स्वरूप को प्राप्त करके जीवनमुक्त हो जाता है।

तारा शक्ति पूजा की परम्परा में सर्वपूज्या है। तारा के शतनाम स्तोत्र में प्रत्येक नाम की व्याख्या के मूल में ऐतिहासिक सन्दर्भ की सत्ता विद्यमान है। तारा शक्ति पूजा की लोकप्रिय देवी हैं इसका पाठ शक्ति साधक को अवश्य ही करना चाहिए।

इस स्तोत्र को सिद्ध करने की विधि अत्यंत सरल है। इसे आप किसी भी मंगलवार अथवा अष्टमी को 11 दिन तक नित्य 5 बार लयपूर्वक पाठ करें।

मां तारा का यह स्तोत्र सभी के लिए आवश्यक है और गृहस्थ व्यक्ति को इसका नियमित पाठ करना ही चाहिए। जिसका जीवन परिस्थितियों और दुर्भाग्य के कारण असहाय, दीन, जर्जर बन गया है, जीवन उस समय इस विजय तीव्र तारा स्तोत्र द्वारा संभव हो जाती है।

कई साधकों ने मात्र इसी स्तोत्र का श्रद्धापूर्वक पाठ करके माँ तारा के बिम्बवत दर्शन भी किए हैं।

❑❑❑

हे मेरे परम आराध्य.... थाम लो, मेरे इस मन की व्यर्थ भटकन को।

- **यदि मेरा जीवन यूं ही चलता रहेगा, तो**
  - क्या अर्थ होगा, इस जीवन का ?
  - क्या होगा मेरी इस गिरती हुई मनोदशा का ?
  - और क्या होगा आपके गुरुत्व का ?

प्रभु, मेरे जीवन की इस डोर को इतना ढीला भी न कीजिए, कि मेरा जीवन बिखर जाए या फिर मुझे इस बात का एहसास दीजिए, कि जो कुछ भी हो रहा है, वह आपकी कृपा कटाक्ष है।

मैं इस संसार में न चाहते हुए भी इस तरह से फंसता जा रहा हूं, जैसे कोई पथिक अनजाने में दलदल में गिर जाता है। गिरने के बाद वह जितना भी निकलने की कोशिश करता है, वह उतना ही उसमें फंसता जाता है। क्या आप जैसे मांझी के रहते हुए भी मेरी नौका इस भव सागर में डूब जायेगी ? क्या इस भंवर चक्र से मेरे निकलने का कोई उपाय आपके पास नहीं है ? यदि है तो फिर इतनी देर क्यों ... क्यों आप इतनी देर लगा रहे हैं ? मैं और अधिक सांसारिक अनुभव नहीं चाहता, यह तो सत्य है, कि इस संसार का मैं जितना भी अनुभव करूं, इसका स्वाद कसैला है और कसैला ही रहेगा। यही तो अनुभव है, मेरे अब तक के जीवन का, यही तो अनुभव किया है मैंने इस संसार सागर में डूबकर, सचमुच.... बहुत ही कसैला जल है इस सागर का।

अब प्रभु कृपा करहु एहि भाँति

मैं जहाँ तक भी देखता हूं, एक बहुत बड़ी बेड़ी जिसे सामान्य भाषा में स्वार्थ कहा जा सकता है, उस बेड़ी ने प्रत्येक व्यक्ति के जीवन को जकड़ रखा है, यहां जितने भी सम्बन्ध हैं, वे सभी तो स्वार्थ के आधार पर ही आधारित हैं। यहां कोई किसी ने निश्चल प्रेम नहीं करता.... सचमुच में ही नहीं करता, जरा आप अपने भीतर झांक कर तो देखिये, यहां सारे सम्बन्ध बेमानी हैं, जो कि मृत्यु के साथ ही एक ही झटके में समाप्त हो जायेंगे। लेकिन जब तक हम जीवित रहेंगे, कोई हमें इच्छित जीवन नहीं जीने देगा। हमारा जीवन दूसरों के इशारों से संचालित होने वाला जीवन बन गया है। यह जीवन केवल मेरा ही नहीं यहां सभी का ऐसा ही जीवन है।

और हम इस भ्रम जाल में प्रसन्न हैं, कि यह सब कुछ मेरा है, ये पत्नी, ये पुत्र-पुत्रियाँ, ये माता-पिता, ये सगे- सम्बन्धी, ये जमीन- जायदाद.... मगर सत्य तो यह है कि यहाँ कुछ भी मेरा नहीं है, ये सत्य ही नहीं परम सत्य है। समय-असमय सभी साथ छोड़ जाते हैं। अगर हम धन कमा लाते हैं, तो पिता को बहुत प्रिय है, यदि न कमा कर लायें, तो ये ही हमारे दुश्मन बनकर हमारा जीवन मुश्किल कर देते हैं। ये मित्र, जब तक समय अनुकूल चलता है ये साथ रहते हैं, जरा भी प्रतिकूल परिस्थिति आती है, ये तुरन्त किनारा कर लेते हैं। मैंने देखा है, मृत्यु को और बहुत करीब से देखा है।

मेरा एक मित्र मृत्यु को प्राप्त हो जाता है और जो माता-पिता उसे घर से बाहर नहीं जाने देते थे, कभी कोई इच्छित कार्य करने से नहीं रोकते थे वही माता-पिता, वही मित्र, वही सगे-संबंधी उसे एक अनजान वस्तु समझकर एक बेकार की चीज समझकर श्मशान ले जाते हैं और देखते-देखते उसे जलाकर हमेशा के लिए समाप्त कर देते हैं। कहां गई वह ममता, कहां गया वह प्यार... कहीं भी आत्मीयता तो दिखाई नहीं देती....अरे! जिसे तुम इतना चाहते थे, आज क्या हो गया... क्या उसके अस्तित्व को मिटाने की इतनी जल्दी कर दी।

यही सब तो मेरे साथ होगा, आपके साथ होगा और हम सब के साथ होगा, जिस पुत्र को हम इतना प्यार करते हैं, वही तो इस सुन्दर शरीर को अग्नि के सुपुर्द कर देगा और यह सुन्दर शरीर देखते-देखते जलकर समाप्त हो गया। मिट गया.......आपके लिए तो सब कुछ मिट गया... लेकिन वे मित्र, वे सगे- संबंधी, परिवार, भवन, मकान, दुकान, जायदाद सभी कुछ तो जैसा था वैसा ही है लेकिन है तो स्वयं आप नहीं होंगे।

आप मुझे विजय प्रदान कर दीजिए...

आप ही मुझे विजय दे सकते हैं और
आपको विजय देनी ही होगी,

क्योंकि मेरी हार में आपकी ही असफलता प्रकट होगी

और आप तो अविजित है.....

हे मेरे परम आराध्य, कैसे होगा मुक्ति का ज्ञान? कब तक हम इन छोटी-छोटी समस्याओं को लेकर, छोटे-छोटे तनावों को लेकर, छिछली सी माया को लेकर परेशान रहेंगे ? कब हम आपको समझेंगे और कब हम ब्रह्म को समझेंगे ? कब हमें ध्यान-धारणा का ज्ञान होगा ? कम हम साधनाओं में सफलता प्राप्त करेंगे ? कब हमारे भीतर पात्रता और श्रद्धा का भाव उदय होगा ? आखिर कब.... बहुत हो गया.... प्रभु, बहुत हो गया, अब तो यह एहसास करा ही दो, कि हमारा हाथ आपके हाथ में ही है।

कौन है हमारा इस संसार में आपके सिवाय, जो हैं, वे सभी तो नाममात्र के ही हैं। आखिर अंत में आप ही तो हैं, जो हमें थामेंगे... जो हमें संभालेंगे और उस दिव्यलोक तक हमारे साथ रहेंगे। फिर ये इतनी दूरी आपने हमसे क्यों बना रखी है ? क्या कसूर है हमारा... और अगर कुछ है, तो हम उसे कैसे दूर करें ? आखिर हमें कौन राह बतायेगा ? अगर आप ही हमारा साथ न देंगे, तो कौन हमारी सहायता करेगा? अब तो यही विनती है, कि आप हमारे हृदय में.... हमारे शरीर में.... हमारे रोम-प्रतिरोम में और हमारे प्रत्येक अणु-अणु में आप समाहित हो जायें।

हम देखें तो केवल आपको, हम सुनें तो केवल आपको, हम चाहें तो केवल आपको, हमारा सर्वस्व आप पर ही केन्द्रीयभूत हो जाए, कुछ ऐसी कृपा करो मेरे गुरुदेव! मैं 'मैं' न रहकर आपके ही अस्तित्व में विलीन हो जाऊँ। अब तो मैं रहना भी नहीं चाहता या फिर आप अगर मुझे रखना ही चाहते हो, तो गुरुमय बनाकर रखें। मेरे रोम-रोम से एक ही ध्वनि निकले गुरुदेव... गुरुदेव.... गुरुदेव...।

मैं जानता हूं, आप ये सब कर सकते हैं और होगा भी आपके करने से ही। मेरे तो सारे प्रयास ही निष्फल हो रहे हैं। मैं हार रहा हूं गुरुदेव, मैं हार रहा हूं।

आप मुझे विजय प्रदान कर दीजिए... आप ही मुझे विजय दे सकते हैं और आपको विजय देनी ही होगी, क्योंकि मेरी हार में आपकी ही असफलता प्रकट होगी और आप तो अविजित हैं, फिर आपकी हार संभव ही नहीं है। मैं भी विजय प्राप्त करना चाहता हूं, अगर आपका थोड़ा सा भी सहारा मुझे मिल जाए, तो मैं निश्चित रूप से विजय प्राप्त कर लूंगा और सीधे शब्दों में कहूं, तो मेरी विजय वास्तव में आपकी ही विजय होगी और मैं चाहता हूं कि आप विजयी हो, आपको विजयी होना ही होगा... आप मेरे जीवन की चिंता न करें, अगर मेरी जान भी चली जाए तो मुझे दुःख न होगा। अगर मैं हार कर मर गया, तो सचमुच मुझे कभी मुक्ति नहीं मिल पाएगी और मुझे मुक्त करना आपका कर्तव्य है।

ये अकेले मेरे ही भावोद्गार नहीं, वरन् समस्त अनखिले पुष्पों के भावोद्गार हैं। ये मेरे अकेले की व्यथा नहीं, वरन्, जो चाह कर भी खिल नहीं पा रहे। आप माली ही नहीं अपितु श्रीमाली हैं, आप गुरु ही नहीं सद्गुरु हैं। आपको इन अबोध व्यथित शिष्यों के जीवन को, मुरझाये हुए पुष्पों को सुवास देनी ही होगी। मैं जानता हूँ, जो पात्र होना चाहता है, उसे पात्र बनाने में आपको तनिक भी परेशानी नहीं होगी और जो पात्र नहीं बनना चाहते हैं, मैं उनके दुर्भाग्य को कभी माप नहीं सकता।

अत्यन्त ही दुर्भाग्यशाली हैं वे शिष्य, जो पात्रता की कसौटी से बचना चाहते हैं, जो अपने पूज्यवर के अनुकूल होने से कतराते हैं, आखिर इस जीवन का मूल्य ही क्या, जिसे आपने कई बार मृत्यु के मुख से बचाया है, अब यह जीवन है किसका ? आपका ही तो है. ... निःसन्देह यह जीवन आपका ही है। मैं बनना चाहता हूँ आपके मार्ग का दीपक.... आप जलायें तो सही, बस एक बार जला दीजिए, मैं जीवन भर जलता ही रहूंगा... जलता ही रहूंगा।

अब तो अपनी कृपा की वर्षा कर ही दीजिए। अब न रोकिए अपनी करुणा के उस अजस्र प्रवाह को, नहीं तो शिष्यों का मरुस्थल हृदय बेजान होकर समाप्त हो जाएगा, एक खिलती कली मुरझा जाएगी.....एक सुखद कहानी का दुखान्त हो जाएगा, इस कहानी को परवान चढ़ा दीजिए। अब कृपा कर दीजिए गुरुदेव... अब अपनी कृपा कर ही दीजिए....

अब प्रभु कृपा करहु एहि भांति।
सब तजि भजन करहुं दिन राति।।

समस्त सिद्धियाँ जिसमें निहित हैं जिसका एक-एक बीजाक्षर महान बीज-मंत्र है। समझें, प्रत्येक बीज मंत्र को और अपनाएं जीवन में

॥ ॐ परम तत्वाय नारायणाय गुरुभ्यो नमः ॥

गुरु मंत्र अपने आप में छोटा होते हुए भी अत्यधिक क्षमताओं से भरा होता है क्योंकि इसके एक-एक शब्द का अर्थ अपने आप में मूल्यवान है। पूरे शरीर को सूर्य के समान बना देने की शक्ति उसमें समाहित है, जो अचूक है, तीक्ष्ण एवं प्रभावकारी है। पूरे शरीर को ऊर्जा प्रदान करने में सक्षम है। गुरु मंत्र अपने आप में ऊर्जा का अक्षय भण्डार है। जब शिष्य को गुरु अपने श्रीमुख से यह गुरुमंत्र प्रदान करता है तो उसके पीछे एक गहन चिंतन, एक धारणा छिपी होती है। पूर्ण चेतनायुक्त इस मंत्र में शिष्य की पूर्णता छिपी होती है। जो कार्य किसी अन्य देवी-देवता के श्लोक या स्तुति से नहीं हो पाता उसे गुरु मंत्र तत्काल कर दिखाता है।

यदि पूर्ण श्रद्धा और विश्वास के साथ इसका जप किया जाय तो समस्याएँ उस साधक के पास आ ही नहीं सकतीं क्योंकि गुरु को ब्रह्मा, विष्णु एवं महेश से भी अधिक तेजस्वी कहा गया है। वे ही ज्ञान एवं सिद्धियाँ देने में समर्थ हैं। भोग एवं मोक्ष दोनों प्रदान करने वाले सभी देवी-देवता भी इन्हीं के इंगित करने पर ही साधक को सिद्धि प्रदान करते हैं अत: यह प्रत्येक साधक के लिए आवश्यक ही नहीं अनिवार्य है।

कहा जाता है कि आदिगुरु शंकराचार्य जब सब ओर से त्रस्त हो गए शरीर से क्षीण हो गए तब मां भगवती ने स्वयं आकर दर्शन दिए तथा अपने त्रिपुर सुन्दरी स्वरूप की साधना करने हेतु कहा और शंकराचार्य ने त्रिपुर सुन्दरी को अपनी आराध्य देवी के रूप में स्थापित कर उनके मंत्र का जप किया और यही नहीं इस मंत्र के-'**ह्रीं कएईल ह्रीं हसकहल ह्रीं सकल ह्रीं**' प्रत्येक बीज मंत्र पर एक श्लोक की रचना की। ठीक इसी प्रकार योगियों ऋषियों ने गुरु मंत्र '**ॐ परम तत्वाय नारायणाय गुरुभ्यो नमः**' के प्रत्येक बीज मंत्र पर भी एक श्लोक की रचना की है। जिससे यह स्पष्ट होता है कि इस महान तेजस्वी मंत्र में कितना बड़ा ज्ञान का सागर भरा हुआ है।

ॐ प र म त त्वा य ना रा य णा य गु रु भ्यो न मः

'प'

पकार पुण्यं परमार्थ चिन्त्यं
परोपकारं परमं पवित्रं
परम हंस रूपं प्रणवं परेशं
प्रणम्यं प्रणम्यं निखिलं त्वमेवं।।1।।

गुरु मंत्र में प्रदर्शित **'पकार'** बीज का अर्थ है पूर्णता की पराकाष्ठा जीवन में सर्वोच्चता परमार्थ चिंतन, परोपकार तथा जीवन की पावनता प्रणव स्वरूप परमेश्वर के स्वरूप को प्राप्त करना तथा परमहंस की गति को प्राप्त करके गुरुमय होना अतः दिव्य विभूति भगवत पूज्यपाद गुरुदेव निखिलेश्वरानन्द जी प्रणम्य एवं सर्व स्तुत्य है।

'र'

रम्या सुवाणी दिव्यंच नेत्रं
अग्नि त्रिरूपं भवरोग वैद्यं
लक्ष्मी च लाभं भवति प्रदोषे
श्री राजमान्यं निखिलं शरण्यम्।।2।।

'रकार' बीज की साधना से वाणी में रमणीयता नेत्रों में दिव्यता तथा शरीर तथा मन के भीतर अग्नि त्रय के जागरण माध्यम से समस्त रोगों का शमन तथा भवरोग से मुक्ति अनन्त ऐश्वर्य प्राप्ति संभव होती है। रकार बीज की साधना राज मान्यता तथा निखिल की शरणागति प्रदान करती है।

'म'

महामानदं च महामोह निघ्नं
महोच्चं पदं वै प्रदानं सदैवं
महनीय रूपं मधुराकृतिं तं
महामण्डलं तं निखिलं नमामि।।3।।

'मकार' बीज माधुर्य का सूचक है मकार बीज की साधना से जीवन में माधुर्य तथा परमानन्द की उपलब्धि होती है समस्त मोह बंधन को दूर करके महोच्च पदवी प्रदान करती है, इस बीज की साधना से साधक मधुर आकृति एवं महनीय रूप युक्त तथा समस्त लोकों में महिमा मण्डित होता है, ऐसे निखिल तत्व को मैं नमन करता हूँ।

'त'

तत्व स्वरूपं तपः पूतदानं
तारुण्य युक्तिं शक्तिं ददाति
तापत्रयं दूरयति तत्वगर्भः
तमेव तत्पुरुषमहं प्रणम्यं।।4।।

'तकार' बीज की साधना से तत्व मसि रूप वेद महावाक्य की उपलब्धि संभव होती है क्योंकि तत्व ज्ञान में इस साधना का अत्यधिक महत्व है अपने स्वरूप ज्ञान के लिए इसमें तरुणता की शक्ति, ताप त्रय की विमुक्ति तथा रहस्य मय ज्ञान को साधक प्राप्त करता है उस परम पुरुष गुरुदेव निखिल को बारम्बार नमन करता हूँ।

'त्वा'

विभाति विश्वेश्वर विश्वमूर्ति
ददाति विविधोत्सव सत्व रूपं
प्राणालयं योग क्रिया निदानं
विश्वात्मकं तं निखिलं विधेयम्।।5।।

'वकार' बीज की साधना से सम्पूर्ण ब्रह्माण्डमय गुरुत्व शक्ति की प्राप्ति होती है तथा इसी जीवन में आनंदमयता की पूर्ति और क्रियायोग के उस गुह्य तत्व को उद्घाटित करके समस्त ब्रह्माण्ड में विचरण करते हुए निखिलमय हो जाता है।

'य'

यशस्करं योग क्षेम प्रदं वै
योगश्रियं शुभ्रमनन्तवीर्यं

यज्ञान्त कार्य निरतं सुखं च
योगेश्वरं तं निखिलं वदेन्यम्।।6।।

'यकार' बीज की साधना से योग के यम नियम आदि अष्टांग योग को सम्पन्न करते हुए यशस्वी पुरुष योगक्षेम की चिंता से रहित योग के समस्त आयाम को पूर्ण करते हुए अनन्त शक्ति युक्त होकर यज्ञ विद्या को सर्वांग रूप से प्राप्त करता है तथा योगेश्वर निखिल के ब्रह्ममय स्वरूप में अधिष्ठित हो जाता है।

'ना'

निरामयं निर्मल भाव भाजनं
नारायणस्य पदवीं समुदारभावं
नवं नवं नित्य नवोदितं तं
नमामि निखिलं नवकल्प रूपम्।।7।।

'नकार' बीज की साधना से साधक रोग रहित सात्विक बुद्धि से युक्त शास्त्र सम्मत नारायण स्वरूप को प्राप्त करके नित्य नवीन जीवन के प्रत्येक क्षण को जीता हुआ कल्पान्त तक गुरुदेव निखिल की शरणागति को प्राप्त करता है।

'रा'

रासं महापूरित रामणीयं
महालयं योगिजनानु मोदितं
श्री कृष्ण गोपीजन वल्लभं च
रसं रसज्ञं निखिलं वरेण्यम्।।8।।

'रा' बीज की साधना से महारास की उपलब्धि होती है जिस प्रकार भगवान कृष्ण ने गोपियों के साथ रासलीला की उसी तरह साधक भी योग के माध्यम से अपने इष्ट के साथ रसपूर्ण होकर निखिल स्वरूप में अभिसिक्त होता है।

'य'

यां यां विधेयां मायार्थ रूपां
ज्ञात्वा पुनर्मुच्यति शिष्य वर्गः
सर्वार्थ सिद्धिं प्रददाति शुभ्रां
योगेन गम्यं निखिलं प्रणम्यम्।।9।।

इस द्वितीय **'यकार'** की साधना से माया के स्वरूप को जानकर शिष्य बंधन मुक्त होकर सभी श्रेष्ठतम् सिद्धियों को प्राप्त करके योगियों के द्वारा गम्य वन्दनीय निखिलेश्वर स्वरूप के रहस्य को प्राप्त करता है।

'णा'

निरंजनं निर्गुण नित्य रूपं
अणोरणीयं महतो महन्तं
ब्रह्म स्वरूपं विदितार्थ नित्यं
नारायणं च निखिलं त्वमेवम्।।10।।

'णकार' बीज के माध्यम से साधक नादब्रह्म को प्राप्त करके निरंजन तथा निर्गुण ब्रह्म स्वरूप को प्राप्त करता है तथा अणु से अणु और महान से महान रहस्यमय ब्रह्माण्ड को जानकर नारायण स्वरूप को प्राप्त करता है।

'य'

यज्ञ स्वरूपं यजमान मूर्ति
यज्ञेश्वरं यज्ञ विधि प्रदानं
ज्ञानाग्नि हूतं कर्मादि जालं
याजुष्यकं तं निखिलं नमामि।।11।।

'यकार' बीज की साधना से साधक यज्ञ के वास्तविक स्वरूप को प्राप्त करके अनन्त भेद प्रभेदों को जानकर अपने शुभ अशुभ आदि कर्म रूपी हवि को ज्ञान रूपी अग्नि में आहुति देकर बंधन मुक्त हो जाता है तथा यज्ञ की साक्षात मूर्ति निखिल स्वरूप में समाहित हो जाता है।

'गु'

गुत्वं गुरुत्वं गत मोह रूपं
गुह्याति गुह्यं गोप्तृत्व ज्ञानं
गो क्षीर धवलं गूढ प्रभावं
गेयं च निखिलं गुण मन्दिरं तम्।।12।।

'गुकार' बीज अपने आप में अद्वितीय है इसकी साधना से साधक मोह रहित होकर गुरु तत्व को प्राप्त करके गुरुमय हो जाता है तथा गौदुग्ध के समान निर्मल ज्ञान को प्राप्त करके गूढ शास्त्र ज्ञान को प्राप्त करता है

तथा आनन्दमय युक्त जीवन व्यतीत करता है।

'रु'

रुद्रावतारं शिवभावगम्यं
योगाधिरूढिं ब्रह्माण्ड सिद्धिं
प्रकृतिं वसित्वं स्नेहालयं च
प्रसाद चित्तं निखिलं तु ध्येयम्।।13।।

'रुकार' बीज की साधना से साधक शिव भाव को प्राप्त करके योगमय होकर ब्रह्माण्ड की दिव्य सिद्धियों को प्राप्त करता है तथा प्रकृति के वशीभूत न होकर स्नेह युक्त होकर जीवन को अमृतमय बना देता है।

'भ्यो'

योगाग्निना दग्ध समस्त पापं
शुभा शुभं कर्म विशाल जालं
शिवा शिवं शक्तिमयं शुभं च
योगेश्वरं च निखिलं प्रणम्यं।।14।।

इस बीज की साधना से योगरूपी अग्नि में समस्त पाप समूह को दग्ध करके शुभा शुभ कर्म जाल से मुक्त होकर शिव और शक्ति रूप की साधना करके योगेश्वर निखिल स्वरूप को प्राप्त करके दिव्यतम बन जाता है।

'न'

नित्यं नवं नित्य विमुक्त चितं
निरंजनं च नरचित मोदं
ऊर्जस्वलं निर्विकारं नरेशं
निरत्रपं वै निखिलं प्रणम्यं।।15।।

'नकार' बीज की साधना से चिंता मुक्त होकर साधक नित्य नवीन जीवन जीता हुआ सभी मोह बाधाओं से रहित सभी प्राणियों को आनन्द देता हुआ ऊर्जा युक्त, निर्विकार और मनुष्यों में श्रेष्ठ होकर, निखिल के आनन्दमय स्वरूप का ध्यान करता हुआ पूर्णता युक्त जीवन व्यतीत करता है।

'म'

मातृ स्वरूपं ममतामयं च
मृत्युञ्जयं मानप्रदं महेशं
सन्मंगलं शोक हरं विभुं तं
नारायणमहं निखिलं प्रणम्यं।।16।।

'मकार' बीज की साधना से साधक मातृत्व गुण से युक्त होता है तथा प्रत्येक प्राणियों में दया करने वाला मृत्यु के भय से रहित, मंगल स्वरूप, शोक से रहित नारायण के साक्षात स्वरूप को प्राप्त करता है तथा दिव्यतम इस मानव जीवन को सार्थक करता है।

उपरोक्तानुसार मंत्र के बीज अक्षरों में छुपा रहस्य जब साधक को ज्ञात होता है, तब उसे मालूम होता है कि सद्गुरु के द्वारा दिया गया मंत्र कोई सामान्य मंत्र नहीं, मंत्र-राज है और इसका जप उसे इस संसाररूपी भवसागर से पार उतारने में पूर्ण सक्षम है। आवश्यकता इस बात की है कि हम सद्गुरुदेव के चरणों में लीन होकर पूर्ण भाव से इसका जप करें सिर्फ गिनती करने से उसका फल नहीं मिलता। आध्यात्म के राह पर भाव का ही सर्वाधिक महत्व है।

भाव

एक यहूदी अनपढ़ था और ग्रामीण भी। प्रायश्चित पर्व पर सबको प्रार्थना करता देखकर वह भी बैठ गया। अन्य सभी लोग मंत्रों के माध्यम से उस पर्व पर प्रभु से प्रार्थना करते रहे। वह सोचने लगा कि मैं मंत्र कहाँ से लाऊँ। उसने सोचा कि मंत्र भी तो वर्णमाला से ही बने हैं और वह वर्णमाला के अक्षरों का ही पाठ करने लगा और भावना करने लगा, 'हे प्रभु! मुझे तो कोई मंत्र याद ही नहीं, इन अक्षरों को जोड़कर तुम्हीं मंत्र बना लेना। मैं तो तुम्हारा दास हूँ, पूजा के लिए नए भाव कहाँ से लाऊँ?'' जब तक दूसरे लोग प्रार्थना करते रहे, वह ऐसे ही भगवान का ध्यान करता रहा।

सायंकाल जब सब सामूहिक प्रार्थना में सम्मिलित हुए तो धर्मगुरु रबी ने उस ग्रामीण को भक्तों की अग्रपंक्ति में रखा। यह देखकर साथी ने आपत्ति की, ''श्रीमान् जी! इसे तो मंत्र भी अच्छी तरह याद नहीं''

''तो क्या हुआ?'' संत रबी ने आर्द्रकंठ से कहा, ''इसके पास शब्द नहीं, भाव तो है और भगवान सिर्फ का भाव भूखा है।''

शिष्य धर्म

त्वं विचितं भवतां वदैव देवाभवावोतु भवतं सदैव।
ज्ञानार्थ मृ ल मपरं महितां विहंसि शिष्यत्व एवं भवतां भगवद् नमामि।।

शिष्य क्या है? क्या केवल मुंह से जय गुरुदेव कहने से या फूल माला चढ़ाने से या चरण स्पर्श करने से व्यक्ति शिष्य हो जाता है? सद्‌गुरुदेव परमहंस स्वामी निखिलेश्वरानंद जी के अनुसार ये तो मात्र गुरु भक्ति की अभिव्यक्ति के साधन मात्र हैं। शिष्य तो व्यक्ति तब होता है, जब उसमें कुछ विशेष गुण उत्पन्न होते हैं। क्या हैं वे गुण? आइए जानें।

- शिष्य अन्य साधना करता भी है तो इसी भाव से – हे गुरुदेव! आपके स्वरूप में सभी देवी देवताओं का वास है इसलिए इस देवी या देवता की पूजा द्वारा वास्तव में मैं आपके स्वरूप का चिंतन कर रहा हूं। आप ही मुझे जीवन में और सभी साधनाओं में पूर्ण सफलता देने में सक्षम हैं।
- शिष्य को एहसास होता है कि बिना सद्‌गुरु की इच्छा से कोई भी देवी–देवता उसे कुछ भी प्रदान करने में सक्षम नहीं हैं चाहे वह कितना ही मंत्र जप क्यों न कर ले। इसलिए वह हर साधना के पूर्व और समापन पर गुरु पूजन एवं चिंतन अवश्य करता है।
- शिष्य के मंत्र जप में, साधना में कोई त्रुटि, कोई कमी भी रह जाए तो भी सद्‌गुरुदेव उसे उस साधना में पूर्णता प्रदान करने में सर्वथा सक्षम होते हैं, इसलिए शिष्य गुरु पूजन को और गुरुमंत्र जप को हर साधना का अभिन्न अंग मानता है।
- अगर शिष्य गुरु मंत्र जप कर लेता है तो उसे आधी सफलता तो स्वतः ही प्राप्त हो जाती है फिर तो उसे मात्र साधना क्रम को पूरा करना होता है, क्योंकि फिर सद्‌गुरु की शक्ति स्वयं उसे साधना में सफलता की ओर अग्रसर करती रहती है।
- शिष्य को ज्ञात होता है कि गुरु द्वारा प्रदत्त दीक्षा वह कुंजी है जिसके माध्यम से बड़ी से बड़ी साधना को सहज सिद्ध किया जा सकता है और बड़े से बड़े कार्य को पूर्ण किया जा सकता है। दीक्षा प्राप्ति का अर्थ है नब्बे प्रतिशत सफलता का स्वतः प्राप्त होना। इसलिए शिष्य प्रयत्न करके अवश्य किसी भी महत्वपूर्ण कार्य सा साधना से पूर्व दीक्षा प्राप्त कर लेता है।
- शिष्य द्वारा साधना में सफलता प्राप्त करना ही सद्‌गुरु के लिए सबसे बड़ी दक्षिणा है। अतः शिष्य पूर्ण मनोयोग से साधना में तत्पर होता हुआ सिद्धियां प्राप्त करता है तथा गुरु के ज्ञान को जीवित एवं सुरक्षित रखता है।

- गुरु जो रास्ता बताए उस पर बढ़ना बहुत कठिन कार्य है। केवल हिम्मतवान व्यक्ति ही उस पर बढ़ सकता है। कायर और बुजदिल नहीं बढ़ सकते। गया बीता व्यक्ति पूर्ण समर्पण नहीं कर सकता। समर्पण के लिए तो व्यक्ति को वीर होना होगा, महावीर होना पड़ेगा।
- गुरु तो चाहते हैं कि शिष्य दिव्यता के मार्ग पर अग्रसर हो, पूर्णता के रास्ते पर अग्रसर हो और शिष्य ऐसा करता है तो उसे पहली बार एहसास होता है कि संतोष क्या है, आनंद क्या है, पूर्णता क्या है, जीवन की उमंग, उल्लास क्या है।
- तुम भी अपनी असली प्राकृतिक छवि को जाग्रत कर सकते हो। अपना स्वयं का आत्म साक्षात्कार कर तुम बुद्धत्व को प्राप्त कर सकते हो और यह सत्य है कि हर शिष्य बुद्ध बन सकता है, कृष्ण बन सकता है अगर वह सद्गुरु के बताए मार्ग पर चले।
- दीक्षा के प्राप्त होने से व्यक्ति जब अपने दैनिक मंत्र जप साधना में बैठता है, साधक में अदम्य साहस, सब कुछ करने की क्षमता आ जाती है और वह निर्भय होकर कार्य करने लगता है, साथ ही गृहस्थ की सभी समस्याओं का निराकरण होने लगता है।
- वे साधक सौभाग्यशाली होते हैं, जो सद्गुरु से श्रेष्ठ दीक्षाएं पाप्त करने का सौभाग्य प्राप्त करते हैं।
- आज के युग में जब सर्वत्र भयावह स्थिति बनी हुई है, कब क्या घटना हो जाये; ऐसी स्थिति में दीक्षाएं प्राप्त करनी चाहिए ताकि व्यक्ति विषम से विषम परिस्थितियों में सुरक्षित अनुभव कर सके तथा सफलता प्राप्त कर सके।
- अगर व्यक्ति समय-समय पर श्रेष्ठ गुरु से उचित दीक्षाएं प्राप्त करता रहे तो असफलता एवं बाधाएं उसके जीवन में व्याप्त हो ही नहीं सकती तथा वह निरंतर उच्चता एवं श्रेष्ठता की और बढ़ता रहता है।
- दीक्षा तो एक संस्कार है, जिसके माध्यम से कुसंस्कारों का क्षय होता है, अज्ञान, पाप और दारिद्रय का क्षय होता है तथा ज्ञान शक्ति और सिद्धि प्राप्त होती है।
- गुरु के निर्णय और आदेश के अनुसार दीक्षा ग्रहण की जाये तो श्रेष्ठ रहता है।
- जीवन के रहस्य को समझने के लिए, उच्चता प्राप्ति के लिए तथा बार-बार जन्म-मरण के बन्धन से मुक्ति के लिए दीक्षित होना आवश्यक है।
- जितने भी महापुरुष हुए हैं, चाहे वह कृष्ण हो, चाहे वह राम हो अथवा विश्वामित्र हो, सबने सद्गुरु से दीक्षा प्राप्त कर पूर्णता प्राप्त की।
- दीक्षा संस्कार आज के युग में जीवन का अद्वितीय सौभाग्य है जिसके माध्यम से आज के युग में मुरझाये लोगों के चेहरों पर नई उमंग व चेतना आ सकती है।

23.4.21 या किसी भी सोमवार

मनोकामना पूर्ति

प्रयोग

व्यक्ति की इच्छाएं अनेक हैं तथा उनकी पूर्ति भी सदैव से युगानुसार अपने परिवर्तित रूप में होती रही है।

लेकिन जब व्यक्ति की आकांक्षाएं अधिक हो जाएं और उनके पूर्ण होने में संशय होने लगे, कोई भी कार्य सम्पन्न होने में अत्यधिक बाधाएं उपस्थित होने लगें, तो फिर कोई न कोई ऐसा माध्यम अपनाना पड़ता है, जो वर्तमान युग में तीव्र प्रभावी हो और उसके प्रति मन संशय रहित हो।

इसके लिए तो फिर मात्र एक ही उपाय श्रेष्ठ होता है, कि गुरु से ही सम्बन्धित कार्यों की पूर्ति के लिए प्रार्थना करें और गुरु अपने साधक की कामनापूर्ति में संलग्न हो जाए।

प्रस्तुत प्रयोग कामना पूर्ति का प्रयोग है। किसी भी सोमवार को प्रातःकाल स्नानादि करके, पीली धोती पहनकर व गुरू चादर ओढ़कर, पीले रंग के आसन पर 'गुरू चक्र' स्थापित कर उसका पूजन कुंकुम, अक्षत व पुष्प से करें। गुरू चक्र के समक्ष निम्न मंत्र का 5 माला जप पांच दिन तक करें-

।। ऊँ ह्रीं श्रीं मानसा सिद्धि करीं ऊँ ।।

OM HREEM SHREEM MANASA SIDDHI KAREEM OM

पांच दिन के पश्चात् गुरू चक्र को नदी या किसी मन्दिर में विसर्जित कर दें।

गुरू चक्र : 120/-
गुरू माला : 300/-

सौन्दर्य सर्वोज्जवला

अनंग त्र्योदशी 25.04.21
या किसी भी शुक्रवार

अनिन्द्य अद्वितीय जगमगाता सौन्दर्य

ऊर्जस्वतं सुदीप्तत्वं, तेजस्वं सुमनोहरम्।
आह्लादकत्वं माधुर्यं, सौन्दर्य जीवनोद्भव।।

ऊर्जस्विता, सुदीप्तत्व, तेजस्विता, आह्लाद और माधुर्य ही जीवन का वास्तविक सौन्दर्य है।

सौन्दर्य साधना

जिसे अप्सराएं भी सिद्ध करती हैं

जीवन में हास्य, विनोद, आनन्द व तृप्ति प्राप्त हो जाना कोई सामान्य सी बात नहीं होती, यह तो जीवन की श्रेष्ठतम उपलब्धि है, जिसे प्राप्त करने के लिए बड़े-बड़े योगियों और ऋषि-मुनियों ने कठिन-से-कठिन तप किये हैं, तब जाकर वे पूर्ण कहलाये और यह दिखा दिया, कि यदि व्यक्ति दृढ़ निश्चयी और आत्मविश्वासी हो, तो वह तप व साधना के बल पर क्या कुछ नहीं कर सकता, और जब ऐसा होगा, तो उसके चेहरे पर एक ओज, एक उमंग, एक आह्लाद, एक प्रसन्नता स्वतः ही झलकने लग जायेगी . . .और यही तो वास्तविक सौन्दर्य है।

सौन्दर्य किसी नारी, अप्सरा या प्रकृति का नाम नहीं है, वे तो केवल सौन्दर्य के प्रतिमान हैं। ''जिसे देखकर आप अपने-आप को चिंतामुक्त अनुभव करने लगें और आनन्द की स्थिति उत्पन्न होने लगे, सही अर्थों में वही सौन्दर्य है।''

आज सौन्दर्य प्रसाधनों के माध्यम से व्यक्ति सौन्दर्यशाली बने रहने का प्रयास करता है, तरह-तरह के विटामिन्स खाता है। सौन्दर्य विशेषज्ञ भी सौन्दर्य का स्थायी हल ढूंढ़ने के प्रयास में रत हैं, किन्तु आज तक स्थायी उपाय प्राप्त करने में असफल ही हैं। हाँ, यह जरूर है कि सर्जरी के माध्यम से चेहरे व शरीर की झुर्रियों को समाप्त करने में डॉक्टर सफल हुए हैं, किन्तु यह चिकित्सा अत्यंत महंगी है और अत्यंत कष्ट साध्य भी, जिसे अपनाना प्रत्येक व्यक्ति के सामर्थ्य की बात नहीं है।

जो अच्छा लगे, जिसे देखने का मन करे, ऐसा रूप, सौन्दर्य ही वास्तविक सौन्दर्य है . . .

सुन्दर होना, सुन्दर दिखना, सुन्दरता का सम्मान करना, उसकी प्रशंसा और सराहना करना मानव का धर्म है, चाहे वह 'प्राकृतिक सौन्दर्य' या 'नारी सौन्दर्य' . . . क्योंकि सौन्दर्य ही सृष्टि का आधार है।

यदि हम अपना थोड़ा सा ध्यान ऋषि परम्परा द्वारा अविष्कृत उपायों पर डालें, तो हमें पता चलेगा कि सौन्दर्य का स्थायी उपाय उन लोगों ने बहुत पहले ही ढूँढ निकाला है। हमारे प्राचीन ऋषि धन्वन्तरी, अश्विनी, च्यवन आदि ऐसे व्यक्तित्व हुए हैं, जिन्होंने अपने पूरे जीवन को इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु लगा दिया, कि –

- आखिर जीवन का वास्तविक तथ्य क्या है?
- कैसे अपने आप को ओजस्वी, यौवनवान और सौन्दर्यवान बनाया जा सकता है?
- किस प्रकार बुढ़ापे को जवानी में बदला जा सकता है?
- किस प्रकार अपने पूर्ण शरीर का कायाकल्प किया जा सकता है?

''कायाकल्प'' का तात्पर्य उस सदाबहार तरोताजगी, अद्वितीय सौन्दर्य और उस मस्ती से है, जो जीवन में आनन्द का बीज बो दे, 60 वर्ष के वृद्ध को भी यौवन का पूर्ण सौन्दर्य प्रदान कर दें, क्योंकि व्यक्ति तन से भी अधिक मन पर थोपे गये विचारों से बूढ़ा हो जाता है और उसका सारा सौन्दर्य ही ढल जाता है . . .जीवन में इस आनन्द का होना ही सौन्दर्य-वृद्धि है।

सौन्दर्य तो आधार है जीवन का, ईश्वर का दिया हुआ वरदान है, जिसका प्राप्त होना जीवन की श्रेष्ठता, पूर्णता कही जाती है। जितने भी ग्रंथ, वेद, पुराण लिखे गये हैं, उन सबमें सौन्दर्य का विस्तृत विवेचन हुआ है।

सुन्दर होना, सुन्दर दिखना, सुन्दरता का सम्मान करना, उसकी प्रशंसा और सराहना करना मानव का धर्म है। मैंने अपने जीवन में सिद्धाश्रम में अनिन्द्य सुन्दर साधिकाओं और संन्यासियों को देखा है, एक से बढ़कर एक सुन्दरियों व अप्सराओं को भी साधनारत होते देखा है, जो अपनी देहयष्टि को पूर्ण यौवनवान, सौन्दर्यवान और चैतन्यवान बनाये रखने के लिए साधनारत रहती हैं।

अनिन्द्यं अद्वितीयं च सौन्दर्य यान्ति निश्चितम्।
साधनां सौन्दर्याख्याय कांक्षन्त्यपरोऽपि यत्।।

''निश्चित रूप से साधना के द्वारा अनिन्द्य सौन्दर्य प्राप्त किया जा सकता है, अप्सराएं भी सुन्दरतम बनने के लिए सौन्दर्य साधना करती हैं।''

''सौन्दर्य साधना'' ऐसी ही अद्वितीय साधना है, जिसे अप्सराओं ने भी सिद्ध किया, वैसे तो पूर्ण यौवनवान और सौन्दर्यवान बनने के लिए 16 प्रकार की अप्सराओं की साधनाओं का ही महत्त्व पुराणों में प्रतिपादित किया गया है, किन्तु जिसे प्राप्त करने के लिए स्वयं अप्सरायें भी लालायित हों, उस सौन्दर्य की तो मात्र कल्पना ही की जा सकती है और ऐसे अद्वितीय सौन्दर्य का प्राप्त होना जीवन का सौभाग्य है, जीवन की श्रेष्ठता है, जीवन की सम्पूर्णता है।

इस साधना को स्त्री व पुरुष दोनों ही सम्पन्न कर अपने शरीर का पूर्ण कायाकल्प कर सकते हैं, जहाँ पुरुष यह साधना कर ऊंचा कद, उन्नत ललाट, अत्यधिक दिव्य और तेजस्वी आँखें, उभरा हुआ वक्षस्थल, लम्बी भुजाएं और इसके साथ-ही-साथ दृढ़ता, पौरुषता, साहस प्राप्त कर ऐसे सौन्दर्य का मालिक बनता है, जो दर्शनीय हो, शौर्य और साहस का प्रतिबिम्ब हो, वहीं स्त्रियां भी साँचे में ढला हुआ भरा-पूरा शरीर, गोरा रंग, अण्डाकार चेहरा, उन्नत उरोज और पतली कमर - एक ऐसा शरीर, जो खिले हुए गुलाब के पुष्प की याद दिलाता हो, जिसे देखकर बहते हुए झरने का लुभावना नृत्य दिखाई दे, जिसके एहसास से ही जीवन में आनन्द की अनुभूति होती हो, प्राप्त कर लेती है।

एक ऐसा शरीर, जो खिले हुए गुलाब के पुष्प की याद दिलाता हो, जिसे देखकर बहते हुए झरने का लुभावना नृत्य दिखाई दे, जिसके एहसास से ही जीवन में आनन्द की अनुभूति होती हो, प्राप्त कर लेती है।

साधना विधि

1. कामदेव के मंत्रों से प्रतिष्ठित 'सौन्दर्य यंत्र', 'रूपा माला' और 'नीलकर्ण मुद्रिका' इन तीनों सामग्रियों को साधना से पूर्व साधक प्राप्त कर लें।
2. यह साधना अनंग त्र्योदशी 25.4.21 से या फिर माह के किसी भी शुक्रवार के दिन इस साधना को प्रारंभ करें।
3. रात्रि को 9.35 से 12.00 बजे के मध्य यह साधना करें।
4. साधना करने से एक दिन पूर्व ही अपने साधना कक्ष को अच्छी तरह धोकर साफ-सुथरा कर लें। साधना काल में प्रत्येक सामग्री में नूतनता स्पष्ट होनी चाहिए, क्योंकि सौन्दर्य साधना के लिए यह सब आवश्यक है।
5. स्वयं भी स्वच्छ व सुरुचिपूर्ण वस्त्र धारण करें।
6. पूर्व या उत्तर दिशा की ओर मुख कर, सफेद आसन पर बैठकर यह साधना सम्पन्न करें।
7. अपने सामने एक चौकी बिछा कर, उसके ऊपर एक कपड़ा बिछा लें, पानी से भरा एक 'कलश' रखें, उसके ऊपर पीला चावल हल्दी से रंगकर एक प्लेट में, जो उस कलश पर रखी जा सके, रख दें।
8. इसके बाद यंत्र को जल से धोकर पोंछ लें और यंत्र पर इत्र छिड़क दें तथा अपने ऊपर भी इत्र छिड़कें। धूप व दीप से वातावरण को सुगंधमय बनायें।
9. यंत्र को पीले चावलों के ऊपर स्थापित करे, इसके बाद यंत्र पर केसर से 5 बिन्दी लगायें, जो पाँच प्राणों की प्रतीक हैं, क्योंकि सौन्दर्य का प्रतिस्फुरण इन्हीं प्राणों के माध्यम से शरीर में अभिव्यक्त होता है।
10. 'मुद्रिका' को भी यंत्र के ऊपर स्थापित कर दें।
11. ॐ गन्धद्वारां दुराधर्षां नित्यपुष्टां करीषिणीं।

    ईश्वरीं सर्वभूतानां तामिहोपह्वयेश्रियम्।।

    इस मंत्र को बोलते हुए यंत्र पर पांच बिन्दियां लगायें तथा मुद्रिका पर भी एक बिन्दी लगायें।
12. अक्षत चढ़ायें -

    अक्षतान् धवलान् देवि शीलायांतन्दुलांस्तथा।

    आनीतांस्तव पूजार्थं गृहाण परमेश्वरि।।

    यंत्र, कलश तथा मुद्रिका पर चावल छिड़कें।
13. इसके बाद धूप और दीप दिखाकर दोनों हाथों में खुले पुष्प लेकर पुष्पांजलि अर्पित करें -

    नाना सुगंध पुष्पाणि यथा कालोद् भवानि च।

    पुष्पांजलिर्मयादत्ता गृहाण परमेश्वरि।।

    यंत्र के ऊपर पुष्प चढ़ा दें।
14. इसके बाद दोनों हाथ जोड़कर प्रार्थना करें - ''हे देवी! आपके भीतर समाहित सभी गुण मुझमें अनुप्राणित हो।''

    सौन्दर्य भवतीरहोके,
माधुर्य ओजमं तेजस्तथेदं।
रूपोज्वला, रूपदिव्या प्रपन्ना,
याचे य नित्यं त्वं देहि मात:।।

    ''हे माँ! आप सौन्दर्य की अधिष्ठात्री देवी हैं, ओज और तेज सभी दिव्य गुण आपमें समाहित हैं, मैं आप से इसी रूपराशि की प्राप्ति की कामना करता हूं।''
15. इसके बाद निम्न मंत्र का 2 दिनों तक नित्य 27 माला मंत्र जप 'रूपा माला' से करे -

    मंत्र - ''ॐ श्रीं सौन्दर्याभिवाप्तये श्रीं नम:''
16. जप समाप्ति के बाद गुरु पूजन करें व इच्छानुसार गुरु मंत्र जप करें।
17. दो दिन इसी प्रकार मंत्र जप करें, इसके बाद समस्त सामग्री को जल में प्रवाहित कर दें।

यह साधना अत्यंत ही प्रभावोत्पादक एवं शीघ्र लाभप्रद है। साधना के थोड़े दिन बाद ही आप अपने भीतर विशिष्ट गुणों का आविर्भाव अनुभव करेंगे तथा शनै:-शनै: सौन्दर्य-वृद्धि अनुभव होने लगेगी और दूसरों के साथ-साथ स्वयं को भी इस बात का एहसास होने लगेगा। इस साधना को गंभीरतापूर्वक, पूर्ण श्रद्धा से करें।

साधना सामग्री (यंत्र, माला, मुद्रिका) न्यौछावर - 570/-

हनुमान जयंती – 27.04.21

• बल • बुद्धि • विद्या देहु मोहि

तांत्रोक्त हनुमत कल्प

महाशैलं समुत्पाटय, धावतं रावणं प्रति।
तिष्ठ तिष्ठ रणे दुष्ट, घोर-रावत् सगुत्सृजन्॥
लाक्षा-रसारूणं रौद्रं कालान्तक यमोपगम्,
ज्वलदग्नि लसन्नेत्रं, सूर्य कोटि समप्रभम्।
अंगदाधैर्महा-वीरैर्वेष्टितं रुद्र-रूपिणिम्॥

अर्थात् सभी प्रकार के शत्रुओं का नाश करने वाले, अपने भक्तों की पुकार सुनकर अत्यन्त क्रोधमय स्वरूप धारण कर लेने वाले, युद्ध भूमि में श्री हनुमान लाक्षा रस के समान-रक्त-वर्णीय एवं कालान्तक हो गये हैं, उनके दोनों नेत्रों से क्रोधाग्नि निकल रही है और उनका शरीर कोटि-कोटि सूर्यों की तेजस्विता के समान उज्ज्वल प्रतीत हो रहा है। रुद्र रुप हनुमान अंगदादि महावीर गुणों से घिरे हुए, घोर गर्जना करते हुए, महाशैल को उखाड़ कर रावण की ओर दौड़े और उसे ललकारते हुए कहा–ठहर जा रावण! युद्ध से पलायन मत कर। ऐसे ही वीर हनुमान सभी संकटों से हमारी रक्षा करें।

अंजनी पुत्र हनुमान अतुलनीय पराक्रमी और सर्वाधिक साहसी हैं। इनकी साधना-आराधना करने से समस्त दुष्ट शक्तियाँ, प्रेत-बाधाएँ तथा जीवन में आने वाली सभी परेशानियाँ स्वत: समाप्त हो जाती हैं।

श्री हनुमान को बजरंग बली, महावीर और पवनपुत्र भी कहा जाता है। इनकी साधना तो स्वयं महाप्रभु श्रीकृष्ण ने अर्जुन से सम्पन्न करवायी थी। कृष्ण ने अर्जुन को 'हनुमतकल्प' का तांत्रोक्त विधान समझाते हुए कहा था कि यदि तुम पवनपुत्र की कृपा प्राप्त कर लोगे तो रणभूमि में ही नहीं, अपितु जीवन के किसी भी विपत्ति भरे क्षण में भी विजय व यश तुम्हें ही प्राप्त होगा। वैसे तो श्री हनुमान जन-जन के मानस में व्याप्त हैं ही, क्योंकि प्राय: देखा गया है कि जब भी किसी पर थोड़ा सा भी संकट आता है, तो वह अपने आप हनुमान चालीसा का पाठ करने लगता है। यहाँ तक कि यदि छोटा सा बच्चा भी अकेले कहीं से गुजर रहा हो, सुनसान रास्ता हो या हल्का अंधकार हो तो वह भी जोर-जोर से बोलने लगता है- 'भूत पिशाच निकट नहीं आवे...'

इस प्रकार यह स्पष्ट होता है कि हनुमान हमारे जीवन में, साहस के सम्बल के रूप में प्रतिक्षण साथ-साथ रहते ही हैं। इन्हें श्री हनुमान की साधना का 'तांत्रोक्त हनुमत कल्प' हमें प्राप्त हुआ पूज्य गुरुदेव द्वारा। जब हम सभी लोग सम्पूर्ण भारतवर्ष की यात्रा कर, अन्त में आध्यात्मिक नगरी काशी में पहुँचे। वहाँ पर **'संकट मोचन मंदिर'** में पूज्यपाद गुरुदेव ने अत्यन्त कृपाकर, संकटनाशक श्री हनुमान की साधना सम्पन्न करायी। उस दिन सौभाग्यवश मैं भी वहाँ था, और मैं उस समय बहुत अधिक उल्लसित हुआ, जब उन्होंने इस अत्यधिक गोपनीय साधना को सम्पन्न कराने की घोषणा की, क्योंकि मैं तो अपना इष्ट हनुमान जी को ही मानता हूँ। उन्होंने मेरे जीवन में आने वाली अनेक बाधाओं और परेशानियों से मुक्ति दिलाई है।

साधना प्रारम्भ करने से पूर्व गुरुदेव ने इस साधना में ध्यान रखने योग्य सावधानियों का वर्णन किया, जिसे उस समय मैंने अपनी डायरी में लिख लिया था। उस ज्ञान से सभी लाभ प्राप्त कर सकें, अत: उसे यहाँ प्रस्तुत कर रहा हूँ-

1. हनुमान साधना यदि अनुष्ठान के रूप में करें तो पूरे साधनाकाल में पूर्णत: ब्रह्मचर्य का पालन करना चाहिए।
2. 'हनुमान विग्रह या यंत्र' जिस पर भी साधना सम्पन्न की जाए उसे जल और पंचामृत से स्नान कराने के उपरान्त तिल के तेल में सिन्दूर मिलाकर लगाना चाहिए।
3. हनुमान साधना में लाल पुष्प, लाल वस्त्र तथा लाल आसन का प्रयोग करना चाहिए।
4. नैवेद्य के रूप में गुड़ और रोटी का चूरमा अथवा बेसन के लड्डू चढ़ाने का विधान है।
5. यह साधना दक्षिणाभिमुख होकर सम्पन्न करनी चाहिए।
6. श्री हनुमानजी की साधना स्त्री, पुरुष, बालक कोई भी कर सकता है। हाँ! यह अवश्य ध्यान रखना चाहिए कि रजस्वला स्त्री यह साधना न करे और न ही उस कक्ष में जाये, जहाँ हनुमान अनुष्ठान हो रहा हो।
7. मंत्र जप प्रात:, सांय अथवा रात्रि में जब भी व्यक्ति को अवसर मिले कर सकता है।
8. हनुमान उपासना में चरणामृत नहीं चढ़ाया जाता है।
9. इन्हें तुलसीदल अत्यधिक प्रिय है, अत: तुलसी की पत्ती चढ़ाते हैं।
10. हनुमत कल्प प्रयोग के लिए मंगलवार का दिन अत्यधिक उपयुक्त होता है।

इस प्रकार सावधानियों से अवगत कराकर, गुरुदेव ने हमें एक अत्यधिक गोपनीय मंत्र दिया और उसके प्रयोग की विधि निम्न प्रकार से स्पष्ट की-

अपने सामने लाल वस्त्र बिछाकर 'संकट निवारक यंत्र' स्थापित करें और तिल के तेल में सिन्दूर मिलाकर यंत्र पर आठ बिन्दियाँ लगायें। फिर ध्यान करें-

अतुलित बलधामा हेमशैला भ देहं
दनुजवनकृशानुं जातिनामाग्रगण्यम्।
सकलगुण निधान वानराणामधीशं
रघुपति प्रियभक्तं वातजातं नमामि।।

इस प्रकार मंत्र बोलकर मन में यह भावना लायें कि श्री हनुमान की दिव्य और बलवान शक्तियाँ मेरे हृदय व शरीर में प्रवेश कर रही हैं। मेरे चारों तरफ के अणु उत्तेजित होकर, सशक्त वातावरण का निर्माण कर रहे हैं और मेरी मन: शक्ति को बढ़ा रहे हैं।

फिर मूलमंत्र का उच्चारण करते हुए आठ लाल पुष्प अर्पित करें। फिर अपनी परेशानियों को नम्रतापूर्वक बोलते हुए उनसे मुक्ति प्रदान करने की प्रार्थना करें। तत्पश्चात 'रक्तवर्णीय माला' द्वारा निम्न मंत्र का आठ माला मंत्र जप सम्पन्न करें-

मंत्र

ॐ हुं हुं हनुमतये फट्

साधना 27.04.21 या किसी मंगलवार को प्रारम्भ करें, लगातार आठ दिन तक नित्य यंत्र पर पुष्प अर्पित करें तथा तेल का दीपक प्रज्वलित करें और आठ माला मंत्र जप करें। नौंवे दिन यंत्र तथा माला को जल में विसर्जित कर दें।

इस प्रकार हनुमत कल्प प्रयोग सम्पन्न करने वाले साधक के जीवन में विद्या, धन, राज्यबाधा और शत्रुबाधा समाप्त हो जाती है तथा जो कुछ भी साधक की इच्छा होती है, उसे वह वर प्राप्त होता ही है।

साधना सामग्री - 450/-

नाम–संस्कृत–हिंगु। हिन्दी–हींग। गुजराती–हींग। बंगाल–हींग। मराठी–हींग। कश्मीर–अंजुदान।

वर्णन–हींग एक प्रकार के वृक्ष का दूध होता है। यह दूध जमकर गोंद की शकल में हो जाता है। इसके वृक्ष ईरान में बहुत होते हैं और यह ईरान से ही भारत में बिकने को आती है। जो हींग कुछ कालापन लिये भूरे रंग की, उग्र गन्धयक्त, अत्यन्त तीक्ष्ण स्वादवाली और त्वचा पर लगाने से जलन उत्पन्न करने वाली होती है वही उत्तम होती है। उसे हीरा हींग कहते हैं।

गुण, दोष और प्रभाव–आयुर्वेदिक मत से हींग पित्तजनक, गरम, हृदय को हितकारी, कड़वी, सारक, चरपरी, हलकी, तीक्ष्ण, रुचिकारक, पाचक, अग्निदीपक, स्निग्ध, मलस्तम्भक तथा श्वास, खाँसी, कफ, आफरा, गुल्म, शूल, हृदय रोग,अजीर्ण, कृमि और उदर रोग को नष्ट करती है।

हींग का उपयोग भारत में कई सौ सालों से मसाले के रूप में किया जाता है। दाल, सब्जी या साधारण खाने में हींग का छौंक स्वाद को कई गुना बढ़ा देता है। यह सिर्फ रसोई में ही उपयोग के लिए नहीं है, यह एक बेहतरीन औषधि भी है।

महर्षि चरक के अनुसार हींग दमा के रोगियों के लिए रामबाण औषधि है। कफ का नाश करने, गैस में राहत हेतु, पक्षाघात के रोगियों के लिए, आँखों के लिए बेहद लाभदायक होती है।

- सौंठ, काली मिर्च, छोटी पीपल, अजवाइन, सफेद जीरा, काला जीरा, शुद्ध घी में भुनी हींग और सेंधा नमक सब समान मात्रा में बारीक पीस लें। इस चूर्ण को रोजाना खाने के बाद 2 ग्राम/ 4 ग्राम की मात्रा में पानी से लें, नियमित सेवन से गैस की समस्या समाप्त होती है।
- हींग पानी में घोलकर नाभि के आसपास लेप करने से या घी में भुनी हींग शहद में मिलाकर खाने पेट दर्द में आराम मिलता है।
- हींग चने की बराबर का टुकड़ा निगल लेने से पेट दर्द में बहुत जल्द लाभ होता है।
- पेट दर्द में 2 ग्राम हींग आधा किलो पानी में उबालें चौथाई बचे तो इसे हल्का गर्म कर पी लें।
- हींग पानी में मिलाकर घुटनों पर लेप करने से घुटनों का दर्द ठीक होता है।
- दांत दर्द में दर्द वाले स्थान पर हींग लगायें, राहत मिलेगी।
- हींग पानी में उबाल कर कुल्ला करने से दांत दर्द में राहत मिलेगी।
- शुद्ध हींग पानी में घोलकर कुछ बूंदें रोजाना नाक में डालें, माइग्रेन से छुटकारा मिल जायेगा।
- पसलियों में दर्द हो तो पानी में घोल कर पसलियों में लेप करें, आराम मिलता है।
- बच्चों का न्यूमोनिया में हींग का पानी थोड़ी-थोड़ी मात्रा में देते रहने से बहुत आराम मिलता है।
- हींग के नियमित प्रयोग से महिलाओं के गर्भाशय का संकुचन होता है और मासिक धर्म से जुड़ी परेशानियां दूर हो जाती है।
- गन्ने के रस में सिरके के साथ थोड़ा हींग पाउडर मिलाये। सुबह-शाम दाद पर लगायें कुछ ही दिनों के प्रयोग से दाद खत्म हो जायेगा।
- यदि कोई जहर खा ले तो उसे तुरंत हींग का पानी पिलाएं ऐसा करने से उल्टी के द्वार जहर बाहर निकल जाता है और जहर का प्रभाव कम हो जाता है।

- हिस्टीरिया के रोगी को हींग सुंघाने से तुरंत होश आ जाता है।
- हींग का नियमित प्रयोग निम्न रक्तचाप और दिल की बीमारियों में लाभदायक है।
- अगर किसी जख्म पर कीड़े पड़ गये हों तो उस जगह पर हींग का चूर्ण लगाने से कीड़े मर जाते हैं।
- पेट का फूलना, उदरशूल, कब्जियत, आमाशय और आंतों की शिथिलता, अपचन और कृमिरोग में हींग बहुत गुणकारी होती है, इन रोगों में हींग को अजवायन के साथ देते हैं। आँतों के रोग में तथा कृमि रोग में हींग के पानी का एनीमा देना चाहिए।
- गृध्रसी, अर्दित, पक्षाघात, आक्षेप इत्यादि वात रोगों में हींग को देने से बहुत लाभ होता है। मलेरिया ज्वर में भी यह एक उपयोगी वस्तु है। ज्वर के अन्दर सन्निपात का लक्षण दिखाई देने पर 'हींगकर्पूर-बटी' देना चाहिए। अगर रोगी में गोली को निगलने की सामर्थ्य न हो तो गोली को अदरक के रस में पीसकर उसको जबान पर लगा देना चाहिए। इससे नाड़ी की गति में सुधार होता है। हाथ-पांवों की कम्पन मिटती है।
- हृदय-रोगों में भी हींग एक उत्तम वस्तु है। छाती की छड़कन, हृदय का शूल, घबराहट, चक्कर आना इत्यादि रोगों में तथा हृदयोदर में 'हींगकर्पूर-वटिका' देने लाभ होता है।
- हींग को शुद्ध करने की विधि–आयुर्वेद में हींग को भी शुद्ध करके उपयोग में लेने का विधान है। इसको शुद्ध करने की विधि इस प्रकार है–लोहे के पात्र में घी के अन्दर हींग को डालकर आग पर रख दें, जब कुछ लाल हो जाय तब उतार कर काम में लें।
- हिंग्वष्टक चूर्ण–सोंठ, मिर्च, पीपर, जीरा, स्याह जीरा, अजमोद, सेंधा नमक काला नमक ये आठों चीजें एक-एक तोला और हींग तीन माशा इन सब चीजों का चूर्ण कर लें। इस चूर्ण को तीन माशे की मात्रा में लेने से सब प्रकार के उदररोग मिटते हैं।
- मात्रा–हींग की मात्रा दो रत्ती से 6 रत्ती तक होती है।

(प्रयोग से पूर्व अपने वैद्य की सलाह अवश्य लें)

फॉर्म नं. 4
(नियम-8 देखिए)

1. प्रकाशन का स्थान : जोधपुर
2. प्रकाशन की अवधि : मासिक
3. मुद्रक : श्री अरविन्द श्रीमाली
4. प्रकाशक : श्री अरविन्द श्रीमाली
5. सम्पादक का नाम : श्री अरविन्द श्रीमाली
   क्या भारत के नागरिक हैं : हाँ
   पूरा पता : 1 हाईकोर्ट कॉलोनी, डॉ. श्रीमाली मार्ग, जोधपुर-342001 (राज.)
6. उन व्यक्तियों के नाम और पते जो समाचार पत्र के स्वामी हो तथा जो समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के हिस्सेदार या साझेदार हों : श्री अरविन्द श्रीमाली

मैं अरविन्द श्रीमाली एतद् द्वारा घोषित करता हूँ कि मेरी अधिकतम जानकारी के अनुसार दिया गया विवरण सत्य है।

अरविन्द श्रीमाली
(मुद्रक प्रकाशक)

दुःख से प्रभु की सामीप्यता

भगवान श्रीकृष्ण ने कुंती जी से पूछा कि मैं आपकी क्या सेवा करूँ।

उन्होंने जवाब दिया कि 'आप वह हैं जो हमारी इच्छाओं को हमारी इच्छा और प्रार्थनाओं से पहले ही जान लेते हैं और समय-समय पर जैसा जिसके लिये जरूरी होता है, उसको वैसा ही देते रहते हैं। लेकिन चूँकि आप आज बहुत प्रसन्न मालूम होते हैं, इसलिये मैं आज आपसे कुछ माँगे बगैर न रहूँगी और यदि आप किसी कारणवश देने से इंकार करेंगे, तो भी मैं लिये बगैर न रहूँगी; मैं आपको आपका वायदा हमेशा याद दिलाऊँगी। ऐसा न हो कि लोग आपको वायदा शिकन यानी वादा पूरा न करने वाला कह बैठे। इसलिये दीजिये, प्रभो! मैं माँगने लगी। आपके खजाने में सबसे प्रिय वस्तु है, मैं उसी को माँगूंगी।'

भगवान - 'जरूर माँगो।'

कुन्ती - 'हाँ, शायद आप इसलिये जल्दी कर रहे हैं कि मैं जल्दी में उस रत्न को भूलकर कुछ और ही माँग बैठूँ।'

प्रभु - 'तो क्या मैं कंजूस हूँ?'

कुन्ती - 'नहीं, यह तो नहीं; लेकिन फिर भी शायद...'

भगवन - 'अच्छा तो सोच समझकर माँगो।'

कुन्ती - 'लीजिये, प्रभो! अब मैं खुश हूँ। मुझको वह रत्न याद आ गया जो आपके खजाने में सबसे सुन्दर है। दे दीजिये और आप स्वयं ही दे दीजिये।'

'क्या धन?'

'नहीं।'

'इज्जत? स्वर्ग का सुख?

'नहीं।'

'चमत्कार की शक्तियां?'

'नहीं।'

'बड़े-बड़े लोकों का राज्य?'

'जी नहीं।'

'ऋद्धि-सिद्धियाँ?'

'नहीं।'

भगवान - (हैरान होकर) 'तो आखिर ऐसा क्या, जिसको आप बड़ा रत्न कहती हैं?'

कुन्ती - 'यही तो मैं कहती थी कि आप वह मुझे न देंगे, क्योंकि मैं उसके लायक नहीं।'

भगवान् - 'नहीं, नहीं: आप सब लायक हैं। माँगिये, माँगिये, जल्दी माँगिये; हम सब कुछ देंगे। मुझे याद नहीं आता कि आखिर वह कौन सी वस्तु है, जो इनसे भी अधिक प्रिय है।'

कुन्ती - 'दे तो देंगे?'

भगवान - 'अवश्य।'

कुन्ती - 'लेकिन आप कहीं यह कहकर टाल न दें कि वह चीज तुम्हारे काम की नहीं, इसलिये न देंगे।'

भगवान - 'आखिर हम जो करेंगे ठीक ही तो होगा।'

कुन्ती - 'तो ठीक है, जो आपकी इच्छा हो कीजिये; लेकिन मैं उस रत्न को जरूर माँगूंगी।'

भगवान - (प्रसन्न होकर) 'कुन्तीजी, जरूर माँगिये।'

कुन्ती - 'प्रभो, तो फिर मुझको दुःख दिये जाइये।'

भगवान (चौंककर) 'हैं! यह क्या माँगा? दुःख? और फिर मैं आपको दूँ? मैं तो आपको दुःखों से मुक्त करने आया हूँ, न कि दुःख देने!'

कुन्ती - 'प्रभो! दुःख जब आप दे देंगे, मैं दुःखों से मुक्त हो जाऊँगी।'

भगवान - 'यह क्या बातें कर रही हो? दुःख लेकर दुःखों से मुक्त कैसे हो सकती हो?'

कुन्ती - 'प्रभो! पहले तो मैं इस बात से सुखी होऊँगी कि जो मैंने आपसे माँगा था, वह मुझको मिला; और दूसरे, जो-जो भाव उस दुःख से संबंध रखते हैं, उनकी वजह से सुखी होऊँगी।'

भगवान - 'तो क्या हम जान सकते हैं कि वे भाव क्या हैं?'

कुन्ती - 'मैं समझती हूँ कि जीवन का लक्ष्य आपकी

समीपता और आपकी याद है। मैं अभी तक ऐसी नहीं बनी कि सुख में आपको याद कर सकूँ। इसलिये, प्रभो! वह दु:ख मेरे लिये अच्छा है कि जिससे आप हमेशा याद आयें। इसलिये दु:ख को प्यार करने और माँगने का पहला भाव मेरा यह है कि उससे आप याद आयें और लगातार याद आयें। चूँकि दु:ख से आप याद आयेंगे, इसलिये दु:ख से भी मुझे प्यार होगा; और जिस चीज से प्यार हो, वह दु:ख कहाँ रहा? क्योंकि दु:ख प्रतिकूल अवस्था का नाम है। जहाँ प्रतिकूलता नहीं, वहाँ दु:ख नहीं। हे प्रभो! मैं तो लोभिन हूँ, नाममात्र को दु:ख माँग रही हूँ। वास्तव में तो सुख ही माँग रही हूँ।

'दु:ख मुझको इसलिये प्यारा है, कि इससे आपकी याद आती है। और चूँकि आपकी याद हर दु:ख को मिटाने वाली है, इसलिये वह खुद ही जाता रहेगा। मैं सब दु:ख सह लूँगी, लेकिन आपको भूलने का दु:ख नहीं सह सकती। तीसरा भाव यह है कि मैं देखूँ कि जो चीज मुझे मेरे प्रभु से मिली है, उसको मैं कहाँ तक प्रेम कर सकती हूँ।'

'संसार का तू माली है, तूने बाग में दु:ख और सुख के काँटे और फूल बनाये हैं। अगर फूल तेरे हैं तो काँटे किसके हैं? तूने एक ही जल से दोनों को सींचा है। मैं दोनों से प्यार करूँगी, बल्कि तेरे काँटों से अधिक प्रेम करूँगी; क्योंकि वह तेरे काँटे हैं। हे प्रभो, मैं इस तरह दु:खों से प्रेम करना भी सीख लूँगी।'

'एक प्रेमी का उसके प्रीतम ने सुन्दर लिबास फाड़ डाला। वह अपने प्रीतम के ध्यान में हर समय रोता रहता था, चिल्लाता था और इस कोशिश में था कि उसको कोई चीज भी तो अपने प्रीतम की मिल जाए। जब उसने देखा कि उसका सुंदर लिबास उसके प्रीतम के हाथों से फट गया है तो वह नाचने लगा और कहने लगा कि यही सबसे सुंदर लिबास है कि जिसको प्रीतम ने अपने हाथों से फाड़ा है। लोग उसकी हँसी उड़ा रहे थे कि बुद्धिमानों और प्रतिष्ठा वालों की सभा में फटा लिबास पहने आया है। उसके किसी मित्र ने उसको और भी सुंदर लिबास लाकर दिया कि लोग आ रहे हैं, तुम अंदर चलकर इसको बदल लो; तो उसने उसको उठाकर फेंक दिया और कहा कि 'तू क्या जानता है कि इस फटे वस्त्र का क्या मूल्य है? इस प्रेम की क्रिया में जो चीज मुझे नजर आ रही है, उसको तुम देख नहीं सकते और जो तुम देख रहे हो, उसको मैं नहीं देखता।' वह कभी उस फटे वस्त्र को चूमता था, कभी प्यार करता था और कभी उस वस्त्र को देख-देखकर रोता कि 'तू खुशनसीब है कि जिसको मेरे प्रीतम ने छुआ तो है। काश, वह बजाय तुम्हारे मुझे फाड़ता !' वस्त्र बोला - 'क्यों घबड़ाता है, क्यों ईर्ष्या करता है? तू मुझसे अधिक भाग्यशाली है! अगर उसने मुझको फाड़ा तो तेरे हृदय को भी तो अपने प्रेम से चाक-चाक, तार-तार कर दिया!!' देखिये, अगर एक प्रेमी अपने प्रीतम के हाथ से मिले फटे वस्त्रों से भी प्रेम कर सकता है तो क्या कारण है कि प्रभो! मैं आपके दिये हुए दु:खों से प्रेम न करूँ?'

भगवान - 'तो फिर आप दु:ख माँग रही हैं या सुख?'

कुन्ती - 'प्रभो! माँग तो दु:ख ही रही हूँ, लेकिन वह दु:ख जिसमें असली सुख हो।'

गोया यह बात संसार के लोगों के लिये शिक्षाप्रद साबित होती है। अगर हम दु:ख को उसका भेजा समझें और उससे प्यार इसलिये करें कि उससे भगवान की याद सदैव आती है तो यह भी तो कितना बड़ा तरीका दु:ख को सुख बनाने का है! और अगर कोई कहता है कि 'नहीं, दु:ख हमारे पाप कर्मों के फल में आ रहा है, प्रभु का दिया नहीं। तो क्या प्रभु जालिम हैं जो हमको दु:ख देंगे ?' अगर दु:ख पाप-कर्मों का भी फल है, तो भी उसे क्यों न माँगा जाए और यों (दु:ख) लेकर सब (पाप कर्मों) को खत्म क्यों न किया जाए?

क्योंकि मांगने पर भगवान हमें कृपास्वरूप उसे सहने की शक्ति भी तो प्रदान करेंगे।

जब सब गुजर रहा है, तो यह भी गुजर जाएगा। अगर पाप-कर्मों का फल दु:ख है और वह आये बगैर भी न रहेगा तो आने दीजिये। आपको तो धूप में चलना आपके कर्मों के फल रूप में प्राप्त हुआ है। लेकिन आप अपने विचाररूपी छाते से उस सफर को आसानी से तय करने की कोशिश करें; समझें कि ये दु:ख आये हैं - हमारे पापों को कम करने के लिये, जो किसी और तरह कम नहीं हो सकते थे। अच्छा हुआ। हालांकि मंजिल कड़ी है, लेकिन इसको किसी-न-किसी वक्त काटना तो पड़ता ही। अब धीरज यह है कि दु:ख तो कट ही जायेगा, साथ-साथ पाप-कर्म भी नष्ट हो जायेंगे। ऐ दु:ख! तू मुबारक है, जो मेरे पापों को नष्ट तो करता है और मुझको शुद्ध करके प्रभु के समीप पहुँचाता है।

▪ राजेश गुप्ता 'निखिल'

मेष-माह के प्रारम्भ के दिन कष्टप्रद रहेंगे। कोई अशुभ समाचार मिल सकता है। कार्य बीच में छूट सकते हैं। पुराना रोग गंभीर हो सकता है। उदासी एवं निराशा रहेगी। परिवार में प्रेम भावना रहेगी। विद्यार्थी वर्ग परिश्रम का फल पायेगा। जीवन का सपना पूरा होता दिखाई देगा। दुश्मनों से सावधान रहें, माह के मध्य में घर में अशांति हो सकती है। संयम का व्यवहार करें। आय में वृद्धि होगी। उत्साह एवं मनोबल बढ़ेगा। बेरोजगारों को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। तीसरे सप्ताह कोई अनहोनी घटना चिंता पैदा कर सकती है। आय की वृद्धि होने से परेशानियों में कमी आयेगी। मुसीबत में दूसरों की सहायता करेंगे। गलत मार्ग से धन संग्रह से बचें। विघ्नहर्ता गणपति दीक्षा प्राप्त करें।

शुभ तिथियाँ-5, 6, 7, 15, 16, 17, 24, 25, 26

वृष-सप्ताह का प्रारम्भ समृद्धिदायक है। अपनों का सहयोग मिलेगा। बाधाएं दूर होगी, जमीन-जायदाद का निपटारा हो जायेगा। स्वास्थ्य के प्रति सावधान हरें। कोई व्यक्ति धोखा दे सकता है, दूसरों के कार्यों में हस्तक्षेप न करें। कोर्ट का फैसला आपके अनुकूल होने की पूरी संभावना है। बेरोजगारों को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। दूसरा सप्ताह अनुकूलता प्रदान करेगा। मनचाहा कार्य मिलने से सुकून मिलेगा। नया वाहन खरीद सकते हैं। रुके हुये पैसे वसूल कर सकेंगे। नौकरीपेशा लोगों की कार्यक्षेत्र में उन्नति होगी। पारिवारिक समस्या हो सकती है। तीसरे सप्ताह में निर्णय सोच-समझ कर करें। अचानक नुकसान हो सकता है। किसी अनजान के वाद-वाद में संयम रखें। आखिरी तारीख में लाभ के साथ हानि उठानी पड़ सकती है। आप नवग्रह मुद्रिका धारण करें।

शुभ तिथियाँ-7, 8, 9, 17, 18, 19, 26, 27, 28

मिथुन-प्रारम्भ लाभकारी रहेगा। आय के स्रोतों में वृद्धि होगी। अदालतों के चक्कर काटने से छुटकारा मिलेगा। दूसरे सप्ताह में आर्थिक परेशानियां रहेंगी। विद्यार्थी वर्ग सफलता प्राप्त करेगा। काम-धंधे में प्रगति होगी, कोई भी कार्य हड़बड़ी में न करें, मानसिक संतुलन बिगड़ सकता है। शत्रुओं के सामने अपनी कोई कमजोरी उजागर न करें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। कार्यों में आ रही अड़चनें और बाधाएं दूर होंगी। गृहस्थ जीवन सुखमय रहेगा। मन में भक्ति की भावना रहेगी। लम्बी दूरी की यात्रा सफलता देगी। आखिरी सप्ताह में सावधान रहें। महत्वपूर्ण कार्य कल पर न छोड़ें, आलस्य न करें। मन की स्थिरता के लिए गुरु मंत्र जप अधिक से अधिक करें।

शुभ तिथियाँ-1, 2, 10, 11, 12, 20, 21, 22, 28, 29

कर्क-माह का प्रारम्भ लाभकारी होगा। किसी दूसरे व्यवसाय से भी लोगा होगा। कहीं से रुके हुये पैसे प्राप्त होंगे। कार्य में प्रगति होगी, विद्यार्थी वर्ग अपनी सफलता से प्रसन्न होगा। इस समय परिवार में अनबन का माहौल रहेगा। समय थोड़ा प्रतिकूल है। माह के मध्य में उतार-चढ़ाव की स्थिति रहेगी। कोई अनहोनी घटना हो सकती है। शत्रुओं से सावधान रहें। कई उलझनें परेशानी पैदा करेंगी। आखिरी सप्ताह में परिस्थितियाँ बदलेंगी। जमीन का सौदा भी हो सकता है। कोर्ट-कचहरी के झमलों से दूर रहें, गलत सोहबत के मित्रों से दूर रहें अन्यथा कर्ज लेने की नौबत आ सकती है। आप बगलामुखी दीक्षा प्राप्त करें।

शुभ तिथियाँ-3, 4, 5, 12, 13, 14, 22, 23

सिंह-सप्ताह का प्रारम्भ अनुकूल नहीं है। स्वयं में आत्मविश्वास में कमी महसूस करेंगे, वाहन धीमी गति से एवं सावधानी से चलाएं। उसके आद अचानक परिस्थितियां बदलेंगी। धनप्राप्ति के योग हैं। जीवनसाथी का साथ मिलेगा, संतान भी सहयोग करेगी। आपकी अच्छी छवि से शत्रु पक्ष परेशान होगा। विद्यार्थी वर्ग को सफलता मिलेगी। नौकरीपेशा के उन्नति के अवसर हैं। कोई अशुभ समाचार सुनने को मिल सकता है। यात्रा से लाभ होगा, नये मित्र बनेंगे। नशीली वस्तुओं से दूर रहें। कोई लांछन लग सकता है। उतार-चढ़ाव की स्थिति रहेगी। सोच-समझकर लेन-देन करें। आप अपनी सूझ-बूझ से बिगड़े कार्यों को निपटा लेंगे। रोजगार के अवसर आयेंगे। आमदनी में वृद्धि होगी। आप पत्रिका में प्रकाशित भैरव प्रयोग सम्पन्न करें।

शुभ तिथियाँ-5, 6, 7, 15, 16, 17, 24, 25, 26

कन्या-प्रारम्भ सुखप्रद है। महत्वपूर्ण योजनाएं बनेगी। आर्थिक उन्नति के रास्ते खुलेंगे। कोई भी कार्य आवेश में आकर न करें। कोर्ट केस में अनुकूलता मिलेगी। मित्रों से व्यवहार अच्छा रहेगा। कोई अशुभ समाचार रुकावट पैदा करेगा। आर्थिक नुकसान से मानसिक अशांति रहेगी, शत्रु यह देखकर प्रसन्न होंगे। माह के मध्य के बाद बदलाव आयेगा। यात्रा से लाभ होगा, शेयर बाजार से लाभ के अवसर

हैं। किसी भी गलत कार्य में संलग्न न हों। किसी अनजान से टकराहट पर संयम रखें, आपकी छवि समाज में अच्छी बनेगी, स्वास्थ्य सामान्य रहेगा। परिवार में कुछ अनबन हो सकती है। विद्यार्थी वर्ग का मन पढ़ाई में नहीं लगेगा। नौकरीपेशा लोगों की पदोन्नति के अवसर हैं। इस माह आप गणपति दीक्षा प्राप्त करें।

शुभ तिथियाँ-7, 8, 9, 17, 18, 19, 26, 27, 28

तुला-माह के प्रारम्भ के 3-4 दिन शुभफल देंगे। कोई मांगलिक कार्य भी हो सकता है। जायदाद का मामला सुलझेगा। नौकरीपेशा लोगों के उच्चाधिकारियों से सम्बन्ध होंगे। इसके बाद उतार- चढ़ाव की स्थिति से परिवार में टेंशन हो सकती है। आप बिगड़े कार्यों को सुधारने में सक्षम होंगे। विद्यार्थी वर्ग को परिश्रम का फल मिलेगा। व्यापार में वृद्धि होगी। नये कार्य को प्रारम्भ करने से बचें। वाहन चालन में सावधानी रखें। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें। किसी अनजान व्यक्ति की सहायता व्यापार वृद्धि में सहायक होगी। अविवाहितों की सगाई हो सकती है। विरोधी परास्त होंगे, आखिरी सप्ताह में अनाश्यक खर्च बढ़ेंगे। अवांछित साधनों से पैसा कमाने का प्रयास न करें। मित्रों का सहयोग मिलेगा। सच्चाई का साथ दें। माँ दुर्गा साधना करें।

शुभ तिथियाँ-1, 2, 10, 11, 12, 20, 21, 22, 28

वृश्चिक-माह का प्रारम्भ मध्यम फलकारी है। अपने साहस से आगे बढ़ सकेंगे। सुविधाओं में वृद्धि होगी। परिवार में अशांति का वातावरण बनेगा। आमदनी से अधिक खर्च होगा। इस समय जोखिम के कार्यों से बचें। टेंशन का समय है, आपकी कोई छुपी बात उजागर होने से मन अशांत होगा। लेन-देन में सतर्क रहें। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है। जीवनसाथी से गलतफहमी दूर होकर प्यार का माहौल बनेगा। साझेदारी में अनबन हो सकती है। वांछित रुपयों की आवक न होने से खिन्नता रहेगी। आलस्य से नुकसान हो सकता है, उत्साह की कमी रहेगी। नया कारोबार प्रारम्भ करने से बचें। विदेश यात्रा हो सकती है। आप तारा साधना करें।

शुभ तिथियाँ- 3, 4, 5, 12, 13, 14, 22, 23, 24

धनु-माह का प्रारम्भ असंतोषप्रद रहेगा। मन में अशांति रहेगी। जीवनसाथी के साथ तनाव की स्थिति रहेगी। नौकरीपेशा लोगों को आगे बढ़ने के अवसर हैं। आप निश्चय करके ही सफलता पा सकेंगे। किसी कागज पर बिना पढ़े हस्ताक्षर न करें, किसी मुसीबत में पड़ सकते हैं। अपनी भाषा पर संयम रखें। यात्रा से लाभ होगा। कोई शुभ समाचार मिल सकता है, अनावश्यक खर्च से बचें। स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। नशे आदि से दूर रहें। विरोधी परास्त रहेंगे, मित्रों का सहयोग मिलेगा। संतान पक्ष सहयोग करेगा। नया वाहन अभी खरीदने से परहेज करें। पुरानी बीमारी गम्भीर रूप ले सकती है फालतु के खर्च अधिक होंगे। आप लक्ष्मी वरवरद माल्य धारण करें।

शुभ तिथियाँ-5, 6, 7, 15, 16, 17, 24, 25, 26

मकर-प्रारम्भ अनुकूलता से होगा। कहीं से लाभ भी हो सकता है। फालतू के कार्यों में अपनी ऊर्जा बर्बाद न करें। सांसारिक कार्यो के लिए यह समय श्रेष्ठ नहीं है। धार्मिक स्थलों की यात्रा से मानसिक शांति मिलेगी। जमीन-जायदाद के मामले सुलझेंगे। सट्टेबाजी जैसी प्रवृत्ति से दूर रहें। संतान अच्छे नम्बरों से पास होगी। घर में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। अनावश्यक कलह से किसी उलझन में फंस सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सावधानी रखें। तीसरे सप्ताह में सावधान रहें, उलझनें बढ़ेंगी। आप संयम एवं समझदारी से ही सफलता पायेंगे। भाइयों से प्रेम व्यवहार बढ़ेगा। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। आखिरी तारीखों में मिलाजुला असर रहेगा। ज्यादा लालच में न पड़ें। कायाकल्प दीक्षा प्राप्त करें।

शुभ तिथियाँ- 7, 8, 9, 17, 18, 19, 26, 27, 28

कुम्भ-प्रारम्भ के दिन लाभप्रद हैं। आत्मविश्वास बढ़ा रहेगा। विपरीत परिस्थितियों में मित्रों का सहयोग ले सकेंगे। इसके बाद परिस्थितियाँ अनुकूल न होने से कष्ट होगा। दूसरे सप्ताह में व्यापार में वृद्धि एवं परिश्रम का उचित परिणाम मिलेगा। इस समय का सदुपयोग करें। परन्तु सोच-समझ कर निर्णय लें। अवांछित साधनों से पैसा कमाने से बचें। मित्रों से कठोर भाषा का उपयोग न करें, काम बिगड़ सकते हैं। बिना पढ़े महत्वपूर्ण कागजातों पर हस्ताक्षर न करें। उतार-चढ़ाव का समय है, ज्यादा लालच के सौदों से बचें। विद्यार्थी वर्ग को सफलता प्राप्त होगी। परिवार में मेलजोल का वातावरण रहेगा। आखिरी सप्ताह अशुभकारी है, परिस्थितियाँ विपरीत हैं। आय के साधन कम होंगे, नशीले पदार्थों के सेवन से दूर रहें। नौकरीपेशा लोगों को कोई शुभ समाचार मिल सकता है। तारा साधना करें।

शुभ तिथियाँ-1, 2, 10, 11, 12, 20, 21, 22, 29, 30

मीन-माह का प्रारम्भ शुभ समाचार लायेगा। किसी अनजान की मुलाकात आपकी दिनचर्या बदल देगी। रुके हुये कार्य पूरे होंगे, संतान पक्ष के कार्य खुशी देंगे। कोई छिपी बात सामने आने से अशांति रहेगी। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान दें। आर्थिक स्रोत बढ़ेंगे। पति-पत्नी में पूर्ण सहयोग की भावना रहेगी। इस समय के व्यापारिक अनुबंध भविष्य में लाभ देंगे। तीसरे सप्ताह में लाभ के साथ नुकसान भी उठाना पड़ सकता है। इस समय कार्यों में विघ्न आयेंगे। वाणी में मिठास रखें, सफलता मिलेगी, गृहस्थ सुखपूर्ण रहेगा। आखिरी की तारीखों में सचेत रहें, नया व्यापार प्रारम्भ न करें, आर्थिक हानि की सम्भावना है। वाहन चालन में सावधानी रखें। बच्चों की पढ़ाई पर भी ध्यान रखें। निर्णय सोच-समझ कर लें। विघ्नहर्ता गणपति दीक्षा प्राप्त करें।

शुभ तिथियाँ-3, 4, 5, 12, 13, 14, 22, 23, 24

सर्वार्थ सिद्धि योग - अप्रैल - 1, 11, 13, 23, 25, 29
अमृत सिद्धि योग- अप्रैल- 13, 25
रवि योग- अप्रैल- 3, 16, 18, 21, 25

इस मास व्रत, पर्व एवं त्यौहार

02.04.21	शुक्रवार	अपूर्ण इच्छापूर्ति दिवस
06.04.21	मंगलवार	दस महाविद्या दिवस
07.04.21	बुधवार	पाप मोचनी दिवस
13.04.21	मंगलवार	चैत्र नवरात्रि प्रारम्भ
17.04.21	शनिवार	श्री पंचमी
20.04.21	मंगलवार	दुर्गाष्टमी
21.04.21	बुधवार	सद्गुरुदेव अवतरण दिवस तारा जयंती, राम नवमी
23.04.21	शुक्रवार	कामदा एकादशी
25.04.21	रविवार	अनंग त्र्योदशी
27.04.21	मंगलवार	हनुमान जयंती (दक्षिण भारत)

साधक, पाठक तथा सर्वजन सामान्य के लिए समय का वह रूप यहां प्रस्तुत है; जो किसी भी व्यक्ति के जीवन में उन्नति का कारण होता है तथा जिसे जान कर आप स्वयं अपने लिए उन्नति का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं।

नीचे दी गई सारिणी में समय को श्रेष्ठ रूप में प्रस्तुत किया गया है - जीवन के लिए आवश्यक किसी भी कार्य के लिये, चाहे वह व्यापार से सम्बन्धित हो, नौकरी से सम्बन्धित हो, घर में शुभ उत्सव से सम्बन्धित हो अथवा अन्य किसी भी कार्य से सम्बन्धित हो, आप इस श्रेष्ठतम समय का उपयोग कर सकते हैं और सफलता का प्रतिशत **99.9%** आपके भाग्य में अंकित हो जायेगा।

ब्रह्म मुहूर्त का समय प्रातः 4.24 से 6.00 बजे तक ही रहता है

वार/दिनांक	श्रेष्ठ समय
रविवार (अप्रैल-4, 11, 18, 25)	दिन 06:00 से 10:00 तक रात 06:48 से 07:36 तक 08:24 से 10:00 तक 03:36 से 06:00 तक
सोमवार (अप्रैल-5, 12, 19, 26)	दिन 06:00 से 07:30 तक 10:48 से 01:12 तक 03:36 से 05:12 तक रात 07:36 से 10:00 तक 01:12 से 02:48 तक
मंगलवार (अप्रैल-6, 13, 20, 27)	दिन 06:00 से 08:24 तक 10:00 से 12:24 तक 04:30 से 05:12 तक रात 07:36 से 10:00 तक 12:24 से 02:00 तक 03:36 से 06:00 तक
बुधवार (अप्रैल-7, 14, 21, 28)	दिन 07:36 से 09:12 तक 11:36 से 12:00 तक 03:36 से 06:00 तक रात 06:48 से 10:48 तक 02:00 से 06:00 तक
गुरूवार (अप्रैल-1, 8, 15, 22, 29)	दिन 06:00 से 08:24 तक 10:48 से 01:12 तक 04:24 से 06:00 तक रात 07:36 से 10:00 तक 01:12 से 02:48 तक 04:24 से 06:00 तक
शुक्रवार (अप्रैल-2, 9, 16, 23, 30)	दिन 06:48 से 10:30 तक 12:00 से 01:12 तक 04:24 से 05:12 तक रात 08:24 से 10:48 तक 01:12 से 03:36 तक 04:24 से 06:00 तक
शनिवार (अप्रैल-3, 10, 17, 24)	दिन 10:30 से 12:24 तक 03:36 से 05:12 तक रात 08:24 से 10:48 तक 02:00 से 03:36 तक 04:24 से 06:00 तक

यह हमने नहीं वराहमिहिर ने कहा है

किसी भी कार्य को प्रारम्भ करने से पूर्व प्रत्येक व्यक्ति के मन में संशय-असंशय की भावना रहती है कि यह कार्य सफल होगा या नहीं, सफलता प्राप्त होगी या नहीं, बाधाएं तो उपस्थित नहीं हो जायेंगी, पता नहीं दिन का प्रारम्भ किस प्रकार से होगा, दिन की समाप्ति पर वह स्वयं को तनावरहित कर पायेगा या नहीं? प्रत्येक व्यक्ति कुछ ऐसे उपाय अपने जीवन में अपनाना चाहता है, जिनसे उसका प्रत्येक दिन उसके अनुकूल एवं आनन्दयुक्त बन जाय। कुछ ऐसे ही उपाय आपके समक्ष प्रस्तुत हैं, जो वराहमिहिर के विविध प्रकाशित-अप्रकाशित ग्रंथों से संकलित हैं, जिन्हें यहां प्रत्येक दिवस के अनुसार प्रस्तुत किया गया है तथा जिन्हें सम्पन्न करने पर आपका पूरा दिन पूर्ण सफलतादायक बन सकेगा।

अप्रैल 21

11. भगवान सूर्य को जल अर्पित करें और तीन प्रदक्षिणा करें।
12. आज सोमवती अमावस्या है, स्नान कर कुछ अन्न दान करें।
13. आज से नवरात्रि प्रारम्भ है, घट स्थापन कर माँ दुर्गा का पूजन करें।
14. प्रातः पूजन के बाद 11 बार 'ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे' मंत्र का जप करके जाएं।
15. आज गणपति मंत्र 'ॐ गं गणपतये नम' का 11 बार उच्चारण करके जाएं।
16. मां दुर्गा का मंत्र 'ॐ दुं दुर्गाय नमः' का 21 बार जप करके जाएं।
17. घी का दीपक लगायें एवं 'श्रीं' बीज मंत्र का 108 बार जप करें।
18. प्रातःकालीन उच्चरित वेद ध्वनि सी.डी. का श्रवण करें।
19. गाय माता को रोटी खिलायें।
20. आज नवार्ण मंत्र का 21 बार उच्चारण करके जाएं।
21. आज सद्गुरु अवतरण दिवस पर पत्रिका में प्रकाशित पूजन करें।
22. पीपल के वृक्ष में जल अर्पित करके 1 परिक्रमा करें।
23. आज के दिन कोई भी मनोकामना के साथ देवी मन्दिर में 3 पुष्प चढ़ायें।
24. आज सरसों का तेल एवं कुछ दक्षिणा दान करें।
25. आज प्रातः निम्न मंत्र का 11 बार उच्चारण करके जाएं -'ॐ ह्रीं ह्रीं सर्व रोग नाशय फट।'
26. 'ॐ नमो भगवते वासुदेवाय' का 11 बार उच्चारण करें।
27. प्रातः पूजन के साथ हनुमान चालीसा का 1 पाठ करें।
28. आज लक्ष्मी पूजन करके कार्य पर जाएं।
29. तुलसी के वृक्ष के पास दीपक जलायें।
30. काली मिर्च के पांच दाने अपने ऊपर सात बार घुमा कर दक्षिण में फेंक दें।

मई 21

1. प्रातः पूजन के बाद 'ह्लीं' मंत्र का 21 बार उच्चारण करके जाएं।
2. 'ॐ घृणीं सूर्याय आदित्याय नमः' 11 बार मंत्र जप करके जाएं।
3. किसी मनोकामना के साथ मनोकामना गुटिका (न्यौ. 150/-) 'ॐ नमः शिवाय' का 11 बार उच्चारण कर किसी शिव मन्दिर में चढ़ा दें।
4. सरसों के तेल का दीपक हनुमान विग्रह के समक्ष लगायें।
5. निम्न मंत्र का 11 बार उच्चारण करके जाएं-'ॐ ह्रीं ह्रीं ह्रीं ॐ'।
6. भगवान विष्णु का पूजन करके जाएं।
7. आज एकादशी को अन्न का दान दक्षिणा के साथ करें।
8. आज शनि मुद्रिका (न्यौ. 150/-) धारण कर सकते हैं।
9. दुर्लभोपनिषद सी.डी. श्रवण करें।
10. शिव मन्दिर में अभिषेक करें।

प्रत्येक युग में भगवान युग की आवश्यकता के अनुरूप स्वरूप ग्रहण कर इस धरा पर अवतरित होते हैं, अपने भक्तों के कष्ट निवारण करने के लिए - यह एक सुस्थापित धारणा है हिन्दू धर्म की। किन्तु क्या उनके प्रत्येक आगमन में कोई मूक संदेश भी नहीं निहित होता? इसी की समुचित विवेचना कर रहा है यह लेख इस नृसिंह जयंती के अवसर पर . . . .

यदि आप साधक हैं तो केवल नर नहीं नर केसरी बनिए इस

नृसिंह साधना से

ऐसा व्यक्ति जिसके प्राणों का ही हनन किया जा चुका हो, कोई आवश्यक नहीं, कि जीवित रहते हुए भी वह जीवित व्यक्तियों की श्रेणी में आता हो, क्योंकि केवल श्वास-प्रश्वास के चलते रहने को ही तो 'जीवन' नहीं कहा जा सकता।

जिस प्रकार से पुनर्जन्म का विश्वास हिन्दू धर्म का एक मूल-भूत विश्वास है, उसी प्रकार से इस बात में दृढ़ आस्था है, कि ईश्वर अपने भक्तों के कष्ट-निवारणार्थ समय-समय पर अवतरण के माध्यम से आकर उन्हें पाप-ताप-संताप से मुक्त करने की क्रिया करते हैं। यह भी हिन्दू धर्म का एक आधारभूत विश्वास है। दोनों ही विश्वासों के पीछे जो मुख्य बात है, वह यही है, कि भारतीय चिंतन में कभी भी ईश्वर से अलगाव की कल्पना तक नहीं की गई है। जिस प्रकार जीवन एक सहज घटना है उसी प्रकार ईश्वर का निश्चित कालावधि पर अवतरण भी एक सतत् घटना है, जो मत्स्यावतार से लेकर इस कलियुग में होने वाले कल्कि अवतरण के रूप में पुराणादि शास्त्रों में विस्तार से वर्णित हैं जैसा कि लोक श्रुतियों में मान्य है, जब यह धरा ढाई हजार वर्ष तक तपस्या करती है, तब ईश्वर युग के अनुरूप स्वरूप ग्रहण कर इस धरा पर अवतरण के माध्यम से अपने भक्तों का कल्याण करते हैं तथा उन्हें जन्म-मरण के चक्र से मुक्ति दिलाने के उपाय सृजित करते हैं।

वस्तुतः प्रत्येक अवतरण का एक निश्चित अर्थ रहा है और सामान्य लोक विश्वास से पृथक (कि ईश्वर ऐसा प्राणी मात्र के उद्धार के लिए करते हैं) अवतरण की घटना के विशिष्ट अर्थ भी होते हैं। प्रत्येक अवतरण किसी एक या दो भक्त की विपत्ति में रक्षा करने अथवा उसके उद्धार तक ही सीमित न रह कर अनेक गूढ़ संदेश भी छिपाए हुए होता है, यद्यपि पौराणिक कथाओं से अभिव्यक्त ऐसा ही होता है, मानों ईश्वर ने किसी भक्त-विशेष की पुकार पर इस धरा पर आना स्वीकार किया और यही बात भगवान श्री विष्णु के नृसिंहावतार के संदर्भ में भी पूर्ण प्रासंगिक है।

पौराणिक गाथाओं के अनुसार भगवान ब्रह्मा के दो द्वारपालों ने एक बार भगवान ब्रह्मा की आज्ञा के पालन के क्रम में भगवान ब्रह्मा के चार प्रथम मानस पुत्रों में से एक को भीतर प्रवेश करने से वर्जित कर दिया, जिससे उन्होंने क्रोधयुक्त हो उन दोनों को राक्षस योनि में चले जाने का श्राप दे दिया। बाद में क्रोध शांत होने व वास्तविकता का ज्ञान होने पर उन्होंने द्वारपालों की प्रार्थना पर उन्हें यह वरदान दिया, कि यद्यपि उनका वचन मिथ्या नहीं हो सकता, अतः वे राक्षस योनि में तो जाएंगे ही, किन्तु उनका वध स्वयं भगवान विष्णु के हाथों से होने के कारण वे मुक्त होकर परमपद की प्राप्ति कर सकेंगे।

कालांतर में ये दोनों द्वारपाल ही क्रमशः हिरण्याक्ष एवं हिरण्यकश्यप के रूप में आए, जिनके अत्याचारों से सारी धरा ही नहीं देवलोक आदि तक त्राहि-त्राहि कर पड़े जिन्हें समाप्त करने के लिए भगवान विष्णु ने दो बार अवतार लिए। हिरण्याक्ष को समाप्त करने के लिए शूकर अवतार तथा हिरण्यकश्यप को समाप्त करने के लिए नृसिंह अवतार इसी कारणवश संभव हुए।

पौराणिक गाथाओं की कथात्मक शैली में क्या तथ्य छुपे होते हैं अथवा क्या वे केवल विशिष्ट घटनाओं का कथात्मक विस्तार भर होती हैं, यह तो पृथक विवेचना और चिंतन की बात है, किन्तु जैसा कि प्रारंभ में कहा, कि प्रत्येक अवतरण स्वयं में एक संदेश भी निहित रखता है, उसी क्रम में चिंतन करने पर स्वतः ही स्पष्ट हो जाता है, कि भगवान श्री विष्णु के इस विशिष्ट अवतरण (नृसिंह अवतरण) का भी एक गूढ़ संदेश है और संदेश है, 'नृ' अर्थात् मनुष्य को 'सिंह' अर्थात् पराक्रमी बनने का संदेश।

यह जीवन का एक सुस्वीकृत तथ्य है कि केवल इस युग में ही नहीं वरन् प्रत्येक युग में वही व्यक्ति जीवित रह सका है, जिसने जीवन में संघर्ष किया है। जीवन संघर्षों का एक अविराम क्रम होता है तथा इसमें जो क्षण भर चूका, जीवन उसकी प्राण शक्ति का हनन कर देता है और फिर ऐसा व्यक्ति जिसके प्राणों का ही हनन किया जा चुका हो, कोई आवश्यक नहीं, कि जीवित रहते हुए भी वह जीवित व्यक्तियों की श्रेणी में आता हो, क्योंकि केवल श्वास-प्रश्वास के चलते रहने को ही तो 'जीवन' नहीं कहा जा सकता।

वास्तव में जीवन तो उसका कहा जा सकता है, जो अपने जीवन के लक्ष्यों को सिंह की भांति झपट कर प्राप्त करने की क्षमता से युक्त हो। वन्य प्राणियों में सर्वाधिक ओजस्वी पशु सिंह को ही माना गया है, जो अनायास कभी किसी पर

यह भी जीवन का एक कटु सत्य है,

कि जब तक जीवन रहेगा तब तक समस्याएं भी आएंगी हीं, लेकिन जो साधक दृढ़ निश्चयी होते हैं, जिनके मन में सर्वोच्च बनने का भाव हिलोरे ले रहा होता है, वे अवश्यमेव ऐसी साधना सम्पन्न कर अपने जीवन को एक नया ओज व क्षमता देते हैं,

हमला करता ही नहीं, किन्तु आवश्यकता पड़ने पर अथवा कुद्ध हो जाने पर जब वह हुँकार भर कर खड़ा हो जाता है, तो अन्य छोटे-छोटे जानवरों की कौन कहे, मस्त गजराज भी कतरा कर निकल जाने में ही अपनी भलाई समझते हैं। ऋषियों ने भी पुरुष की इसी 'सिंहवत्' रूप में कल्पना की थी। 'सिंहवत्' बनना केवल शौर्य प्रदर्शन की ही एक घटना नहीं होती वरन् सिंहवत बनना इस कारण से भी आवश्यक है, कि केवल इसी प्रकार का स्वरूप ग्रहण करके ही जीवन की गति को सुनिर्धारित किया जा सकता है, अन्यथा एक-एक आवश्यकता के लिए वर्षों घिसट कर उसे प्राप्त करने में जीवन का सारा सौन्दर्य, सारा रस समाप्त हो जाता है।

भगवान विष्णु ने तो एक ही हिरण्यकश्यप को समाप्त करने के लिए नृसिंह स्वरूप में, पौराणिक गाथाओं के अनुसार अवतरण लिया, किन्तु मनुष्य के जीवन में तो प्रतिदिन नूतन राक्षस आते रहते हैं, जो हिरण्यकश्यप की ही भांति अस्पष्ट होते हैं, तब उनसे मुक्ति पाने का क्या उपाय हो सकता है? और यह भी सत्य है, कि यदि जीवन में अभाव, तनाव, पीड़ा (शारीरिक, मानसिक अथवा दोनों), दारिद्रय जैसे राक्षसों से एक-एक करके निपटने का चिंतन किया जाए, तो मनुष्य की आधी से अधिक क्षमता तो इसी विचार-विमर्श में निकल जाती है, शेष तो आधी बचती है, वह किसी भी प्रयास को सफल नहीं होने देती। साथ ही जीवन के ऐसे राक्षसों से तो केवल सामान्य प्रयास से ही नहीं वरन् ऐसे क्षमता युक्त प्रयास से जूझना आवश्यक होता है, जो साक्षात् नरकेसरी की ही क्षमता हो। तभी जीवन में कुछ ऐसा घटित हो सकता है, जिस पर गर्वित हुआ जा सकता है।

सामान्यत: साधना का क्षेत्र अत्यंत दुष्कर प्रतीत होता है, क्योंकि साधना जीव को वास्तविकताओं का यथावत् प्रस्तुतिकरण व विवेचन कर देती है। उसमें भक्ति जगत की भांति दिवास्वप्नों की मधुर लहर नहीं होती है, किन्तु अन्ततोगत्वा व्यक्ति का हित, साधना से ही साधित होता है, क्योंकि साधना जीवन की कटु वास्तविकताओं का यथावत् वर्णन करने के साथ-साथ उससे मुक्त होने का उपाय भी वर्णित करती चलती है। वस्तु स्थितियों का विवेचन इस कारणवश आवश्यक होता है, जिससे साधक के मन में एक सुस्पष्ट धारणा बन सके, कि अन्ततोगत्वा उसकी समस्या क्या है, किस प्रकार से मुक्ति प्राप्त की जा सकती है? यहाँ नृसिंहावतार की संक्षिप्त व्याख्या से भी यही तात्पर्य था और साधकों की सुविधार्थ उस साधना विधि का प्रस्तुतिकरण भी किया जा रहा है, जो इस व्याख्या को पूर्णता देने की क्रिया है अर्थात् केवल वर्णन-विवेचन नहीं, वह उपाय भी प्रस्तुत करने का प्रयास है, जिसके माध्यम से कोई भी साधक अपने जीवन को संवारता हुआ, अपनी रग-रग में सिंह की ही लपक और शौर्य को भरता हुआ जीवन की उन समस्याओं पर झपट्टा मार सकता है, जो नित नये स्वरूप में आती रहती है तथा यह भी जीवन का एक कटु सत्य है, कि जब तक जीवन रहेगा तब तक समस्याएं भी आएंगी हीं, लेकिन जो साधक दृढ़ निश्चयी होते हैं, जिनके मन में सर्वोच्च बनने का भाव हिलोरे ले रहा होता है, वे अवश्यमेव ऐसी साधना सम्पन्न कर अपने जीवन को एक नया ओज व क्षमता देते हैं, जैसा कि नीचे की पंक्तियों में प्रस्तुत साधना विधि की भावना है।

नृसिंह साधना को मूलरूप में सम्पन्न करने के इच्छुक साधक के पास ताम्रपत्र पर अंकित नृसिंह यंत्र व नृसिंह माला आवश्यक उपकरण के रूप में होनी चाहिए। इस साधना नृसिंह जयंती (25.05.2021) अथवा किसी भी रविवार की रात्रि में सम्पन्न की जा सकती है। साधक इसमें वस्त्र आदि का रंग काला रखें तथा दिशा दक्षिण की ओर मुख करके हो। यंत्र व माला का सामान्य पूजन कुंकुम, अक्षत, पुष्प की पंखुड़ियों से कर, तेल का एक बड़ा दीपक लगा दें व निम्न मंत्र की इक्यावन (51) मालाएं 'नृसिंह माला' से दत्तचित्त भाव से करें –

मंत्र

।। ॐ क्ष्रौं क्रौं नृसिंहाय नमः ।।

OM KSHROUM KROUM NREE SINGHAAYA NAMAH

साधक यह मंत्र जप दो बार में भी सम्पन्न कर सकते हैं, अर्थात् एक बार में इक्कीस (21) माला मंत्र जप कर पुन: विश्राम कर इकतीस (31) माला मंत्र जप सम्पन्न कर सकते हैं, किंतु सम्पूर्ण मंत्र जप एक ही दिन में सम्पन्न हो जाना आवश्यक होता है।

मंत्र जप के अगले दिन सभी सामग्रियों को दक्षिण दिशा में जाकर कहीं सुनसान में गड्ढा खोदकर दबा दें तथा घर आकर स्नान कर लें। संभव है मंत्र जप के पश्चात् साधक को आगामी दस-पन्द्रह दिनों तक शरीर में विचित्र से खिंचाव आदि होते महसूस हो, किन्तु ये सभी साधना में सफलता के विशेष लक्षण होते हैं।

साधना सामग्री : 450/-

भुवनेश्वरी विवाह प्रयोग

दस महाविद्याओं में भुवनेश्वरी देवी को गृहस्थ जीवन की दृष्टि से पूर्ण अनुकूलता एवं सिद्धि देने वाली अधिष्ठात्री देवी माना गया है

विवाह के सम्बन्ध में यह प्रयोग यदि कन्या स्वयं सम्पन्न कर सके, तो ज्यादा उचित रहता है अन्यथा उसके नाम का संकल्प कर कोई अन्य भी प्रयोग कर सकता है।

यह प्रयोग किसी भी शुक्रवार को प्रारम्भ किया जा सकता है और एक बार प्रारम्भ करने के पश्चात् जब तक प्रयोग पूर्ण न हो, मंत्र जप तो नियमित रूप से अवश्य ही सम्पन्न करते रहना चाहिए।

साधना के दिन प्रातः स्नान कर शुद्ध वस्त्र धारण कर, अपने पूजा स्थान में सामने बाजोट पर पीला वस्त्र बिछा कर, चावलों की ढ़ेरी पर 'भुवनेश्वरी यंत्र' स्थापित करें, यंत्र के चारों ओर 'ह्रीं' बीज मंत्र कुंकुम से लिखें। एक घी का दीपक जलाएं। सर्वप्रथम अपने इष्ट देवता का ध्यान कर सिन्दूर से यंत्र पूजन करें, लाल पुष्प अर्पित करें और प्रार्थना करें कि कार्य सम्बन्धी मनोकामना शीघ्र पूरी हो।

तत्पश्चात् 'भुवनेश्वरी माला' से नीचे लिखे मंत्र का ग्यारह माला जप करें और प्रत्येक माला पूर्ण होने के साथ देवी को पुष्प अर्पित करते रहें।

मंत्र

।। ऊँ ऐं ऐं अनंगाय फट्।।

OM AYEIM AYEIM ANANGAAYA PHAT

यह प्रयोग नौ दिन तक करें। नौ दिन के पश्चात् सभी पुष्प एकत्र कर एक कपड़े में बांध कर रखे दें तथा यह विशेष भुवनेश्वरी यंत्र, जो कि ताबीज रूप में होता है। उसे कन्या के बायें हाथ में बांध दें, और सवा माह के पश्चात् यंत्र तथा माला शिव मन्दिर में अर्पित कर दें।

साधना सामग्री - 450/-

बगलामुखी जयंती - 20.5.21

शत्रु स्तम्भन साधना

स्तम्भन का तात्पर्य है

शत्रु को कुंठित कर देना

शत्रु की बुद्धि स्तम्भित कर देना, जिससे उसकी सोचने-विचारने की शक्ति समाप्त हो जाती है, वह अपनी बात सही समय पर भलीप्रकार से बोल नहीं पाता। उसकी वाणी स्तम्भित हो जाती है।

सामग्री

बगलामुखी यंत्र, पीली हकीक माला, बगलामुखी चित्र, जल पात्र, पीले पुष्प।

समय

रात्रि का कोई भी समय।

- **आसन** - पीले रंग का आसन।
- **दिशा** - पश्चिम

मंत्र

ॐ ह्लीं बगलामुखि सर्व दुष्टानां वाचं मुखं पदं स्तम्भय जिव्हां कीलय बुद्धिं विनाशय ह्लीं ॐ स्वाहा

इसमें साधक को पीली धोती पहिन कर पीले आसन पर बैठना चाहिए। इस साधना को साधक बगलामुखी जयंती 20.5.21 या किसी भी गुरुवार से प्रारम्भ करें।

सर्वप्रथम अपने सामने बाजोट पर पीला वस्त्र बिछाकर बगलामुखी यंत्र एवं चित्र स्थापित करें। सिन्दूर का तिलक लगायें एवं सामान्य पूजन करके पीले पुष्प चढ़ायें। सामने अगरबत्ती एवं दीपक लगायें फिर पीली हकीक माला या हल्दी की माला से इकतीस माला मंत्र जप प्रतिदिन तीन दिनों तक करें। फिर तीसरे दिन यंत्र को पूजा स्थान में स्थापित कर दें। इसके बाद यदि कोई शत्रु अत्यधिक परेशान कर रहा हो तो एक हकीक पत्थर लेकर उस पर शत्रु का नाम लिखकर देवी बगलामुखी के सामने रखकर 1 माला मंत्र जप करें और फिर उस हकीक पत्थर को किसी निर्जन स्थान पर जमीन में गाड़ दें तो शत्रु शांत हो जाता है।

न्यौछावर - 450/-
हकीक पत्थर 120/:

।। श्री गुरु स्तवन ।।

नमस्तुभ्यं महा मंत्र दायिने शिवरूपिणे।
ब्रह्म ज्ञान प्रकाशाय संसार दुःख तारिणे।।
अति सौभाग्य विद्याय वीरायाज्ञान हारिणे।
नमस्ते कुल नाथाय कुल कौलिन्यदायिने।।
शिव तत्व प्रकाशाय ब्रह्म तत्व प्रकाशिने।
नमस्ते गुरवे तुभ्यं साधकाभय दायिने।।
अनाचाराचार भाव बोधाय भाव हेतवे।
भावाभाव विनिर्मुक्त मुक्ति दात्रे नमो नमः।।
नमस्ते सम्भवे तुभ्यं दिव्य भाव प्रकाशिने।
ज्ञानानन्द स्वरूपाय विभवाय नमोनमः।

शिवाय शक्ति नाथाय सच्चिदानन्द रूपिणे।
काम रूपाय कामाय काम केलि कलात्मने।।
कुल पूजोपदेशाय कुलाचार स्वरूपिणे।
आरक्त निज तच्छक्ति वाम भाग विभूतये।।
नमस्तेऽस्तु महेशाय नमस्तेऽस्तु नमो नमः।
इद स्तोत्र पठेन्नित्य साधको गुरु दिगमुख।।
प्रातरुत्थाय देवेशि! ततो विद्या प्रसीदति।
कुल सम्भव पूजायामादौ यो नः पठेदिदम।।
विफला तस्य पूजा स्यादभिचाराय कल्प्यते।
इति कुब्जिका तंत्रे गुरु स्तोत्रं समाप्तम।।

महामंत्र प्रदाता शिव स्वरूप ब्रह्म ज्ञान देने वाले सांसारिक दुखों को हरने वाले गुरुदेव आपको प्रणाम है, अति सौम्य स्वभाव वाले, विद्या सम्पन्न, वीर हम शिष्यों के अज्ञान को हरण करने वाले, उदात्त, वंश परम्परा को देने वाले गुरुदेव आपको प्रणाम है, शिव तत्व को जानने वाले, ब्रह्म को प्रकाशित करने वाले साधकों को अभय दान करने वाले गुरुदेव आपको प्रणाम, सदाचार और दुराचार के स्वरूप को जानने वाले, ज्ञान के हेतुभूत, भाव और अभाव से परे मुक्ति दाता, गुरुदेव आपको प्रणाम, शिव स्वरूप, दिव्य ज्ञान को देने वाले, ज्ञान स्वरूप सर्वत्र व्यापक रहने वाले गुरुदेव आपको प्रणाम, शिव रूप सर्व शक्ति सम्पन्न, सतचित्त, आनन्द स्वरूप, इच्छाधारी साधकों की इच्छा पूर्ति करने वाले, इच्छानुसार लीला करने वाले गुरुदेव आपको प्रणाम, वंश मर्यादा को जानने वाले, तद्नुसार उपदेश देने वाले, प्रेममय शक्ति स्वरूपा, भगवती माता को अपने वामभाग में विराजमान किये हुये, हे! महेश्वर गुरुदेव आपको मेरा बार-बार प्रणाम।

अद्वितीय ज्योतिषी

सद्गुरुदेव डॉ. नारायण दत्त श्रीमाली

